RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 275
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024

# द अचीवर टाइम्स



## एक नज़र

### कर्नाटक में हनुमान ध्वज पर तनाव उत्पन्न

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में धार्मिक ध्वज को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, यहां मांड्या जिले में एक गांव में हनुमान ध्वज उतरवाने को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया है। इसको लेकर राज्य के विपक्षी दलों भाजपा और जेडीएस ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को बेंगलुरु पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस बीच, भाजपा ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का दावा किया है। वहीं कर्नाटक सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय ध्वज की जगह भगवा झंडा फहराना सही नहीं है। दरअसल, मांड्या जिले के केरागोडु गांव में ऊंचे स्तंभ पर हनुमान ध्वज फहराया गया था। यह घटना पिछले हफ्ते की है जब एक संगठन ने 108 फुट का ध्वज स्तंभ खड़ा किया और हनुमान ध्वज फहराया। जानकारी के अनुसार, यह ध्वज श्री गौरीशंकर सेवा ट्रस्ट द्वारा लगाया गया था। हालांकि, बाद में मांड्या जिला प्रशासन ने इस झंडे को उतरवा दिया।

ध्वज उतारने के फैसले का स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध किया। इस दौरान हालात बिगड़ गए और स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गांव में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। कहा गया कि ग्राम पंचायत ने ध्वज स्तंभ लगाने की अनुमति दे दी थी, लेकिन इसके खिलाफ शिकायतें दी गईं। बाद में अधिकारियों को हनुमान ध्वज हटाने का अनुरोध करना पड़ा। हालांकि, ग्रामीण अपने फैसले पर अड़े रहे और कुछ लोगों पर मामले का राजनीतिकरण करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। इस बीच इलाके में एक बड़ी पुलिस टुकड़ी तैनात की गई। उधर भाजपा, जेडीएस और बजरंग दल भी ग्रामीणों के साथ इस विरोध में शामिल हो गए। शनिवार को मामला तब और बिगड़ गया जब ग्रामीणों ने विरोध के चलते अपनी दुकानें बंद कर दीं। रविवार को जब ग्राम पंचायत अधिकारी ध्वज को हटाने के लिए गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने वापस जाओ के नारे लगाए।

## झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी का छापा

# BMW समेत कई दस्तावेज साथ ले गए अधिकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली/रांची।** जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ा एक्शन लिया है। ED ने सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित घर पर छापेमारी की. इस दौरान हेमंत सोरेन मौजूद नहीं थे। जांच टीम ने यहां जरूरी कागजात खंगाले। इसके बाद सोरेन की BMW जब्त कर ली। कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं. एयरपोर्ट पर भी श्चष्ठ की टीम मौजूद है। इस बीच हेमंत सोरेन ने श्चष्ठ पर राज्य सरकार के कामकाज में बाधा डालने के लिए ''राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित होने का आरोप लगाया है. उन्होंने दावा किया कि 31 जनवरी को या उससे पहले उनका बयान दोबारा दर्ज कराने की श्चष्ठ की जिद से दुर्भावना झलक रही है।

इससे पहले श्चष्ठ ने 20 जनवरी को ष्टरूहाउस में हेमंत सोरेन से करीब साढ़े 7 घंटे तक पूछताछ की थी। यह





पूछताछ DAV बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन से जुड़ी हुई थी। जांच एजेंसी ने उनसे सोर्स ऑफ इनकम और आयकर रिटर्न में दिए गए ब्योरे संबंधित सवाल किए थे। पूछताछ के बाद CM हेमंत सोरेन ने कहा था, ÷मैंने श्चष्ठ के सभी सवालों के जवाब दिए। आगे भी पूछताछ होती है, तो मैं जवाब देने को तैयार हूं। इसके बाद श्चष्ठ ने उन्हें दूसरी बार पूछताछ के लिए 27 से 31 जनवरी के बीच समय और स्थान बताने को कहा था। सोरेन ने इसका कोई जवाब नहीं दिया था। जिसके बाद सोमवार को ED ने दिल्ली में छापेमारी की कार्रवाई की। जमीन से जुड़े मामले का खुलासा रांची के अफसर अली की गिरफ्तारी के बाद हुआ। साल 2022 के 4 नवंबर को जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल के कई ठिकानों पर श्चष्ठ ने छापेमारी की थी। बाद में तीन बार विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा गया। जमीन के तमाम मामलों के साथ चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद में हेमंत सोरेन का नाम सामने आया था। वहीं पुगडू में 9.30 एकड़ खास महल जमीन की खरीद में भी फर्जीवाड़े की बात सामने आई थी। 19 जुलाई साल 2022 को गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के घर पर 8 जुलाई को छापेमारी के दौरान ED को सीएम हेमंत सोरेन के बैंक खाते से जुड़ी चेक बुक मिलने की खबर सामने आई थी। श्चष्ठ ने PMLA कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में जिक्र किया है कि 2 ब्लैंक चेक पर मुख्यमंत्री के साइन भी थे। जमीन घोटाला मामले में CM के अलावा उनके परिवार का नाम भी सामने आ रहा है।

### सीएम हेमंत को देने ही होंगे सवालों के जवाबः राज्यपाल

**नई दिल्ली।** इससे पहले झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी शख्स कानून से परे नहीं जा सकता। उन्होंने जमीन घोटाला मामले में ईडी की जांच से जुड़े एक सवाल पर कहा कि आज नहीं तो कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तमाम सवालों के जवाब देने पड़ेंगे। राष्ट्रपति शासन की कयासबाजी पर प्रदेश के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा, राजभवन पूरे हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। राज्यपाल के मुताबिक अभी राष्ट्रपति शासन लगाने की संभावनाओं पर बात करना जल्दबाजी है।

### 31 जनवरी से पहले रांची लौटेंगे मुख्यमंत्री

परिवार के सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, सीएम की तरफ से ईडी को लगातार सूचना भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने समन का अनुपालन भी किया है। उन्होंने 31 जनवरी को दोपहर एक बजे रांची आवास पर बयान दर्ज कराने की बात भी बताई है। परिवार के मुताबिक सोरेन निजी काम से रांची से दिल्ली गए हैं। 27 जनवरी को दिल्ली रवाना हुए सीएम हेमंत 31 जनवरी को बयान दर्ज कराने से पहले वापस लौट आएंगे।

### महागठबंधन के विधायकों की बैठक रद्द

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ की खबर के बीच महागठबंधन के विधायकों को रांची बुलाया गया। चर्चा तेज थी कि सभी विधायकों को सोमवार 3 बजे सीएम आवास पहुंचना है. विधायक चंपई सोरेन, मिथिलेश ठाकुर समेत कई नेता पहुंचे, लेकिन थोड़ी ही देर में सभी सीएम आवास से बाहर निकल गए। फिर सूचना आई कि बैठक किसी वजह से टाल दी गई है। हालांकि, सभी विधायकों को रांची और आसपास में रहने का निर्देश दिया हैं। इधर, इस बात की भी चर्चा रही कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हो सकती है। इसे देखते हुए झारखंड में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया. रांची स्थित ष्टरूहाउस के अलावा बीजेपी ऑफिस और बड़े नेताओं के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### भाजपा ने राज्यपाल से संज्ञान लेने की अपील की

दूसरी तरफ भाजपा ने आरोप लगाया है कि पूछताछ के डर से पिछले 18 घंटे से सीएम हेमंत फरार हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा की विपक्षी पार्टी- भाजपा ने गवर्नर सीपी राधाकृष्णन से इस मामले का संज्ञान लेने की अपील की है। बीजेपी का कहना है कि पूरे प्रकरण के कारण झारखंड की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

## ईडी ने दस घंटे तक लालू से की पूछताछ

एजेंसी

**पटना।** रेल मंत्री रहते हुए नौकरी देने के बदले जमीन हासिल करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ आखिर खत्म हुई। पूरे 10 घंटे तक बाहर यह डर कायम था कि कहीं उन्हें गिरफ्तार तो नहीं कर लिया जाएगा! बाहर भारी तनाव था। लालू राबड़ी आवास निकले।

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। इस बीच राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के बाद ईडी कार्यालय पहुंचे थे। घंटों तक पूछताछ के बाद लालू राबड़ी आवास निकल गये। इससे पहले आज उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना स्थित दफ्तर में पेश होना पड़ा हुए। सुबह 11 बजे राबड़ी आवास से बेटी और सांसद मीसा भारती के साथ लालू प्रसाद ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान वहां मौजूद राजद कार्यकर्ताओं की भीड़ ने लालू की गाड़ी को घेर लिया और उनके समर्थन में नारेबाजी करने लगे। लालू ने उनसे शांति बनाए रखने की अपील की। इसके बाद ईडी दफ्तर पहुंची। ईडी की टीम उनसे देर शाम तक पूछताछ की। लालू प्रसाद यादव के ईडी दफ्तर पहुँचते ही दफ्तर के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। ईडी दफ्तर के बाहर राजद समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। राजद के कई विधायक भी पहुंचे। समर्थक केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। राजद समर्थकों ने आरोप लगाया कि लालू यादव बीमार हैं। उन्हें जान बूझकर परेशान करने की कोशिश हो रही है। पूरे 10 घंटे तक बाहर यह डर कायम था कि कहीं उन्हें गिरफ्तार तो नहीं कर लिया जाएगा! दरअसल, नौकरी के बदले जमीन घोटाला केस में पूछताछ के लिए लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। लालू को 29 जनवरी और तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को पेश होने कहा गया था। आज लालू प्रसाद ईडी के सवालों का जवाब देने पहुंचे थे। इससे पहले 19 जनवरी को ईडी की टीम राबड़ी आवास पहुंची। एक अधिकारी की ओर समन के कागजात दिया था। इसे डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की ओर से रिसीव किया था। इससे पहले भी ईडी की टीम ने लालू यादव और तेजस्वी यादव दोनों पूछताछ के लिए समन भेजा था।



### यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था

आरोप है कि रेलवे मंत्री रहते हुए लालू यादव इस घोटाले में शामिल थे। यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था, जहां कई लोगों को रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप-डी के पदों पर नौकरियां दी गई थीं। बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी एके इंफोसिस्टम के नाम कर दी थी। जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत 17 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

### मीसा भारती ने CRPF जवानों से की गुजारिश


पटना के ईडी ऑफिस में लालू यादव से पूछताछ के दौरान उनकी बड़ी बेटी मीसा भारती ने उनके लिए खाना पहुंचाया। लालू के लिए 2 बार ईडी के दफ्तर में दवा भी पहुंचाई गई. शाम को मीसा भारती फिर ED ऑफिस के गेट पर पहुंचीं। उन्होंने अपने पिता से मिलने देने के लिए CRPF जवानों से गुजारिश की। इस दौरान मीसा ने नारेबाजी कर रहे आरजेडी समर्थकों को चुप कराया।

## वीवीआईपी दर्शनार्थियों के लिए खोले जाएंगे तीन नए द्वार

# भक्तों को रामलला के करीब से कराए जाएंगे दर्शन

एजेंसी

**लखनऊ।** राम मंदिर में वीआईपी व वीवीआईपी दर्शनार्थियों के आने और जाने के लिए तीन अलग द्वारों का उपयोग किया जाएगा। ऐसे में जन्मभूमि पथ पर आम श्रद्धालुओं की आवाजाही में कोई व्यवधान नहीं होगा। आने वाले दिनों में भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वहां की पूरी कैबिनेट को यहां आना है। ऐसे में इस नई व्यवस्था को प्रभावी किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राम मंदिर परिसर में वरिष्ठ अधिकारियों और रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिए। सीएम का मुख्य फोकस देशभर से आ रहे आम रामभक्तों को आराध्य के सुगम दर्शन कराने पर रहा। इसीलिए वीआईपी और वीवीआईपी के प्रवेश और निकासी की अलग से व्यवस्था करने पर सहमति बनी। इसके लिए रामजन्मभूमि के गेट नंबर 10 और 11 के साथ एक अन्य वीआईपी गेट को उपयोग में लाया जाएगा। ऐसे में वीवीआईपी मूवमेंट होने की स्थिति में भी सामान्य रामभक्तों को कोई असुविधा नहीं होने पाएगी। उनका दर्शन-पूजन सुचारु ढंग से चलता रहेगा। अफसरों व ट्रस्ट की बैठक में सीएम ने कहा कि जन्मभूमि पथ पर पैदल चलने के लिए कारपेट बिछाया जाए। बुजुर्गों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था हो। जगह-जगह पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित हो कि भक्तों को बहुत दूर से रामलला के दर्शन न करने पड़ें। सभी को जितना हो सके, उतना करीब से दर्शन कराया जाए। कॉरिडोर के सभी पथों पर अनधिकृत वाहन न खड़ा होने पाएं। नो व्हीकल जोन बनाए जाएं। कहीं पर भी अतिक्रमण की गुंजाइश न रहे।



योगी ने रामजन्मभूमि परिसर के साथ दर्शन व निकासी मार्ग का निरीक्षण किया। मंदिर के गर्भगृह के सामने गूढ़ मंडप का भी जायजा लिया। इन सभी जगहों पर प्रभावी की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इसके पहले हनुमानगढ़ी में मत्था टेकने के बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन किए। हनुमानगढ़ी में महंत बलराम दास, राजू दास, हेमंत दास व अन्य संतों ने स्वागत किया। राम मंदिर में मुख्य पुजारी सतेंद्र दास, ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, न्यासी डॉ. अनिल मिश्र व मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने अगवानी की।

बैठक में कमिश्नर गौरव दयाल ने दर्शनार्थियों के सुलभ दर्शन के लिए अब तक प्रभावी किए गए प्रबंधों का ब्योरा पेश किया। बैठक व निरीक्षण में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय, विधायक वेद प्रकाश गुप्त व मेयर गिरीश पति त्रिपाठी मौजूद रहे।


## इस साल भारत से बिना पुरुष साथी के हज पर जाएंगी 5162 महिलाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की हज समिति ने बताया कि इस साल हज के लिए सत्तर साल से अधिक आयु की 6,370 महिलाओं से आवेदन मिले हैं। इसके अलावा, 5,162 महिलाएं भी मेहरम (पुरुष साथी) के बिना धार्मिक यात्रा पर जाना चाहती हैं।

भारत की हज समिति ने पवित्र शहर मक्का की धार्मिक यात्रा के लिए साल 2018 के बाद सबसे बड़ा सुधार किया है। इसके तहत, हज यात्रा के लिए महिला के साथ एक पुरुष साथी को ले जाने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है। इस साल कुल 5,162 महिलाएं मेहरम के बिना हज पर जाएंगी।

समिति ने बताया कि इस साल हज के लिए सत्तर साल से अधिक आयु की 6,370 महिलाओं से आवेदन मिले हैं। इसके अलावा, 5,162 महिलाएं भी %मेहरम% (पुरुष साथी) के बिना धार्मिक यात्रा पर जाना चाहती हैं।



अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में हज समिति ने सोमवार के लकी ड्रॉ की प्रक्रिया पूरी की। हालांकि, उन महिलाओं के आवेदन स्वीकार कर लिए गए, जिनकी उम्र सत्तर साल से ज्यादा है और जो पुरुष साथी के बगैर जाना चाहती हैं। उन्हें लकी ड्रॉ की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ा। समिति को हज यात्रा के लिए कुल 1,74,117 आवेदन मिले थे। हज नीति के अनुसार आवेदकों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए लकी ड्रॉ का प्रावधान है।

इस साल भारत से कुल 1,75,025 हज यात्रियों का कोटा तय किया गया है। जिसमें हज समिति के जरिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 1,40,020 सीटें आरक्षित हैं। जबकि 35,005 हज यात्रियों को निजी ऑपरेटर के जरिए पवित्र मक्का शहर की यात्री की अनुमति दी जाएगी।

समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली अफाकी ने बताया कि बिना मेहरम के हज पर जाने वाली 5,162 महिलाओं में से 3,584 केरल, 378 तमिलनाडु, 249 कर्नाटक, 166 महाराष्ट्र, 141 उत्तर प्रदेश, 130 तेलंगाना, 82 जम्मू-कश्मीर 72 मध्य प्रदेश, 64 गुजरात, 50 दिल्ली, 44 आंध्र प्रदेश, 40 पश्चिम बंगाल, 33 राजस्थान, 30 बिहार, 29 असम, 19 पुड्डुचेरी, 14 छत्तीसगढ़, 10 उत्तराखंड, 9 झारखंड से हैं। इसके अलावा पांच-पांच गोवा और ओडिशा और लक्षद्वीप से दो व हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब से एक-एक महिलाएं शामिल हैं।

## बीएसएफ ने ड्रग तस्करी की बड़ी साजिश को किया नाकाम दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीएसएफ ने सोमवार को नादिया, मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों के इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 1,457 फेंसिडिल की बोतलों के साथ दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।

सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। बल ने दो बांग्लादेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, 1,457 फेंसिडिल की बोतलें भी जब्त की गई हैं।

बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फंटियर बटालियन के जवानों ने सोमवार को नादिया, मुर्शिदाबाद और मालदा के इलाकों में अभियान चलाया। इसी दौरान तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। बल ने एक बयान में कहा, दो बांग्लादेशी तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वे भारत से बांग्लादेश में 1,457 फेंसिडिल की बोतलों की तस्करी करने का प्रयास कर रहे थे। जब्त की गई इन फेंसिडिल की इन बोतलों की कीमत करीब 2 लाख 98 हजार 264 रुपये है। बयान में आगे कहा गया कि बीएसएस को सूचना मिली थी कि सोमवार को कुछ तस्कर फेंसिडिल की बोतलों की खेप की तस्करी करने जा रहे हैं।सूचना मिलने पर जवानों ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी। सुबह करीब पांच बजे जवानों ने तस्करों को हाथों में कुछ सामान ले जाते हुए भारत से बांग्लादेश की ओर जाते देखा।

%इसके बाद जवान तस्करों को पकड़ने के लिए उनके पीछे दौड़े। जवानों को अपनी ओर आता देख तस्कर डर गए और भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन, जवानों ने दोनों तस्करों को पकड़ लिया। तस्करों की तलाशी ली गई तो उनके पास से फेंसिडिल की 346 बोतलें बरामद हुई। दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार



किए गए तस्करों की पहचान मोहम्मद साहिन रजा और मोहम्मद हबीबुर रहमान के रूप में हुई है। बीएसएफ ने बताया कि पूछताछ के दौरान तस्करों ने खुलासा किया कि वे दोनों बांग्लादेश के नागरिक हैं और अपनी आजीविका के लिए तस्करी के काम में शामिल हुए। तस्कर भागीरथी नदी पार करके जंगपाड़ा के ईंट भट्टे के पास भारत में घुसे थे। उन्हें एक अज्ञात भारतीय से फेंसिडिल की खेप मिली। जिसे वे बांग्लादेश में मोहम्मद बाबू अली को सौंपने वाले थे। लेकिन, बीएसफ के जवानों ने उन्हें तस्करी के दौरान पकड़ लिया। इसके अलावा, बीएसएफ के जवानों ने सोमवार को विभिन्न अभियानों में सीमा चौकी चारकुटीबाड़ी के पास 580 फेंसिडिल की बोतलें, मत्यारी के पास 431 फेंसिडिल की बोतलें और दोबारपारा के पास 100 फेंसिडिल की बोतलें जब्त कीं।गिरफ्तार तस्करों को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

## राशन घोटाले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए टीएमसी नेता





एजेंसी

**कोलकाता।** अधिकारी ने बताया कि हमने उसे पूछताछ के लिए अपने अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए बुलाया था। हालांकि, वह नहीं आए। दरअसल, शेख फरार बताए जा रहे हैं और ईडी ने इस महीने की शुरुआत में उसके लिए लुकआउट नोटिस जारी किया था। तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश नहीं हुए। उन्हें पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले की जांच के तहत पूछताछ के लिए बुलाया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी कर्मी देर शाम तक यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित जांच एजेंसी के कार्यालय में शेख का इंतजार कर रहे थे।

अधिकारी ने बताया कि हमने उसे पूछताछ के लिए अपने अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए बुलाया था। हालांकि, वह नहीं आए। दरअसल, शेख फरार बताए जा रहे हैं और ईडी ने इस महीने की शुरुआत में उसके लिए लुकआउट नोटिस जारी किया था। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने शेख के मोबाइल फोन की कॉल डीटेल प्राप्त कर ली हैं और आगे की जांच जारी है। इससे पहले 24 जनवरी को ईडी ने घोटाले के सिलसिले में तलाशी अभियान के बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में उनके आवास को सील कर दिया था। वहीं, 5 जनवरी को जब ईडी अधिकारियों की एक टीम ने टीएमसी नेता के आवास में घुसने की कोशिश की तो भीड़ ने उन पर भी हमला किया।

# बहला फुसलाकर अगवा की गई किशोरी 10 दिन बाद बरामद

## किशोरी बरामद होने के 24 घंटा बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

❖ आरोपितों को बचाने में जुटी पुलिस।

**द अचीवर टाइम्स/रियासत अली**




**फरधान, लखीमपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 10 दिन पहले अगवा की गई किशोरी को रविवार देर रात को पुलिस ने शाहजहांपुर से बरामद किया है। बरामद करने के 24 घंटे बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना जरूरी नहीं समझा है। जबकि मामला दो समुदायों का बताया जा रहा है। पुलिस किस लिए मुकदमा लिखने से कतरा रही है यह बात समझ में नहीं आ रही है। पुलिस का दावा है कि किशोरी के परिजन मुकदमा लिखवाना नहीं चाहते हैं और किशोरी किसी को आरोपित नहीं बना रही है। अब सवाल यह भी है कि जब परिजन मुकदमा लिखवाना नहीं चाहते हैं और तहरीर नहीं दिया है तो फिर पुलिस ने बिना मुकदमा लिखे किशोरी को बरामद करने के लिए गैर जनपद तक क्यों जा रही है। वहीं उसके परिजन का कहना है कि पुलिस लगातार सुलह करने का दबाव बना रही है। सुलह न करने पर उनको ही जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में बात करने पर थाना अध्यक्ष का कौशल किशोर ने बताया वह अभी सामूहिक विवाह कार्यक्रम की ड्यूटी करने जिला मुख्यालय आए हैं। उन्होंने तहरीर मिलने पर मुकदमा लिखने को बात कही है।

# शाहबाज नगर प्रधान द्वारा भीषण सर्दी को देखते हुए ब्रद्ध एवं विधवा जरूरतमंदों को बांटे कंबल प्रधान बने गरीबों के मसीहा



**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर।** ददरौल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहबाज नगर प्रधान महेश चंद्र गौतम का समाज हित में हमेशा सराहनीय कार्य रहा अपनी ग्राम पंचायत में हर पीड़ित की हर संभव मदद करते हैं इसी क्रम भीषण सर्दी को देखते हुए उन्होंने सिकड़ों बुद्ध एवं विधवा जरूरतमंदों को कंबल बांटकर मानवता की मिशाल कायम की वृद्ध एवं विधवा जरूरतमंदों ने कंबल प्राप्त कर महेश चंद्र गौतम की लंबी आयु की कामना की जरूरतमंद ग्रामवासी काफी कंबल पाकर खुश नजर आए उन्होंने कहा अग्रिम भी महेश चंद्र गौतम को प्रधान पद पर निर्वाचित घोषित हो यही ईश्वर से प्रार्थना करता है बही महेश चंद्र गौतम ने कहा जनता की सेवा ही मेरा परमो धर्म चाहें दिन हो या रात 24 घंटा सेवा करने हेतु तत्पर तैयार हूं मेरी तरफ से सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान।

# आपसी रंजिश में किसान पर हमला असलहा की बट से फोड़ा सिर

**द अचीवर टाइम्स। संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** फरधान लखीमपुर। थाना क्षेत्र के कोटखेरवा गांव में आपसी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने खेत जोत रहे किसान पर हमला कर दिया। घायल के घर वाले जब उसको मोतीपुर स्थित जिला अस्पताल लेकर गए तो वहां बिना भर्ती किए ही इंजेक्शन लगाकर थाने से मजरूबी चिट्ठी लिखवाकर किसी होमगार्ड या पुलिस कर्मी के साथ आने को कहा। घटना थाना क्षेत्र कोटखेरवा गांव की है। सोमवार लगभग 5 बजे यहां के निवासी राम निवास 32 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद ट्रैक्टर से अपना खेत जोत रहे थे। तभी उनके परिवार के ही लोगों ने उसपर हमला कर दिया। राम निवास के पिता ने बताया कि हमलावरों ने राम निवास को मरा समझकर वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर वह लोग खेत गए और उसको बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले गए। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने असलहा की बट से सिर पर कई प्रहार किए जिससे सिर कई जगह से फट गया। हमला करने वालों में उसके चाचा और उनका लड़का बताया जाता है। इस संबंध में बात करने पर थाना अध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मुकदमा दर्ज करवाया जा रहा है। बिना पुलिस रिपोर्ट के जिला अस्पताल से घायल को थाने भेजने के संबंध में बात करने पर सीएमओ डा संतोष गुप्ता का कहना है कि बिना पुलिस रिपोर्ट के भी इलाज किया जाना चाहिए अगर किसी तरह की कोताही की गई है तो कार्यवाही को जायेगी।

## एक नज़र

### सभी पार्टियों ने मुस्लिमो को लुभाते हुए छला भाजपा ने किया भलाः संजीव गोयल सिक्का



**द अचीवर टाइम्स/चेतन कुमार**

**हापुड़।** मेरठ लोकसभा क्षेत्र की हापुड़ विधानसभा के ग्राम बड़ौदा सहानी में मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगो के साथ संवाद करते हुए दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संजीव गोयल सिक्का ने कहा कि यदि हम इतिहास उठाकर के देखें तो केंद्र और प्रदेश में जितने भी राजनीतिक दलों ने अपने हाथ में सत्ता ली है उन सभी ने मुस्लिम समाज को छलने के अलावा कोई कार्य नहीं किये साथ ही उन्होंने सदैव यह चाहा कि मुस्लिम समाज अशिक्षित रहे और बड़ा रोजगार न करने पाए केवल कुछ नाम मात्र की सुविधा देकर उनको हम लुभाते रहे जिससे हमारा वोट बैंक लगातार मुस्लिम समाज बनता रहे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सेवा रूपी सरकार ने हमेशा मुसलमानों को सभी क्षेत्र में बढ़ावा देने का कार्य किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प की परिकल्पना से कोई भी अछूता नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यूसुफ प्रधान , अंजुल राहिल (उपसभापति भटियाना सोसायटी), पवन? सैनी , संदीप रावत , विनीत शर्मा ,खलील , शिराज, नौशाद राणा, तमजीर आलम, अरवाज चौधरी अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### मदरसे में मनाया गया बड़ी धूमधाम से गणतंत्र दिवस



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**

**लखनऊ।** हर साल की तरह इस साल भी जामिया अनवारुल इस्लाम रुस्तम विहार कॉलोनी (अमौसी) अल हरमैन एजुकेशनल एवं वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा जश्ने यौमें जम्हूरियत और तालिमी मुजाहिरा बड़े जोश खरोश के साथ मनाया गया। तिरंगा रोहण के बाद मदरसे के बच्चों ने कौमी तराना गाया। और कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस मौके पर कारी अख्तर अली के दादा मौलाना अब्दुल हलीम नदवी साहब के वालिद मोहतरम हाजी मरहूम नसीरुद्दीन साहब के लिए दुआएं मगफिरत की गई। और मदरसे के बच्चों ने मिलकर पूरे मुल्क में अमन शांति तरक्की की दुआएं मांगी। आने वाले मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मदरसे के मैनेजर कारी अख्तर अली इरफानी, कोषाध्यक्ष तबस्सुम अनवर, मौलाना अरशद नदवी, मौलाना अब्दुल वहीद खान नदवी, मुहम्मद वसीम, मुहम्मद शादाब, मुहम्मद मुख्तार, शबनूर वसीम, अमजद खान एडवोकेट, जावेद अहमद, शाहनवाज़ अली, और इलाके के तामाम लोगों ने शिरकत की।

### भीषण ठंड के दृष्टिगत बाल बंदियों को अच्छे रजाई-गद्दा दिये जायेः राजकुमार सिंह

#### सम्प्रेक्षण गृह के साथ भोजनालय में विशेष सफाई व्यवस्था रखेंः मंगला प्रसाद सिंह

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**

**हरदोई।** जिला जज राजकुमार सिंह ने आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ रद्देपुरवा स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया तथा बाल बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मा0 जिला जज ने सम्प्रेक्षण गृह के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भीषण ठंड के दृष्टिगत सभी बाल बंदियों को अच्छे रजाई-गद्दा दिये जाये और समय पर गुणवत्ता परक मीनू के अनुसार नास्ता एवं भोजन उपलब्ध करायें और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा सम्प्रेक्षण गृह के साथ भोजनालय में विशेष सफाई व्यवस्था रखें और बच्चों को शरीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बालीबाल, बैट मिन्टन, कैरम आदि खेल करायें तथा कौशल विकास मिशन के तहत सिंलाई, कढ़ाई, मैकैनिक आदि का प्रशिक्षण दिलायें। निरीक्षण के समय सचिव विधिक प्राधिकरण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधीक्षक सर्वेश कुमार श्रीवास्तव तथा जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल




**द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला**

**रामनगर बाराबंकी।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर के दूरभाष केंद्र के सामने बहराइच की तरफ से आ रही एक वैगनआर कार ने बाराबंकी की तरफ से आ रही एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते बाइक सवार रगड़ते हुए गिर गया और बुरी तरह से घायल हो गया। जिसके बाद राहगीरों व वहां उपस्थित लोगों के द्वारा एम्बुलेंस के जरिये उस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया जहां पर उपस्थित डॉ स्वप्निल सिंह ने युवक की हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बाइक सवार ताहिर पुत्र एहसान अली ग्राम सुल्तानापुर का बताया जा रहा है यह युवक महादेवा अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहा था।

# हर महीने की तरह सोमवार को भी साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन ने बालिकाओं व महिलाओं को वितरण किये निशुल्क पैडस

**द अचीवर टाइम्स/चेतन कुमार**




**हापुड़।** ग्राम काठी खेड़ा एवं फूलगढ़ी में साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन के सौजन्य से हर महीने की तरह सोमवार 29 जनवरी 2024 को भी साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉक्टर सौम्या पांडे एवं साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ निधि शर्मा साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की उपाध्यक्ष कुसुम सिद्ध एवं कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बालिकाओं तथा महिलाओं को निशुल्क पैडस वितरण किऐ। तो वही साइलेट एफर्ट फाउंडेशन की सदस्य सुष्मा देवी ने समस्त ग्रामीण की बालिका और महिलाओ को बताया कि हमें पोलोथिन और प्लास्टिक से बचना चाहिए और उस पर्यावरण? पर होने वाले नुकसान के बारे में समझाया साथ ही सुष्मा देवी ने भी महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया कि हमें जब भी बाजार जाये तो घर से कपड़े का थैला लेकर जाना चाहिए ताकि प्लास्टिक को कम से कम में इस्तेमाल किया जा सके और अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और जितना हो सके मोबाइल से दूर रखना चाहिए साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की सदस्य ज्योति सैनी ने समस्त महिलाओं व बालिकाओं से बताया कि अपने बच्चों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें फ्रिज के पीछे पानी जमा होने पर हफ्ते में दो बार उसे बदल दें। अपने आसपस पानी जमाना ना होने दे आस पास भरे गंदे पानी से चिकन गुनिया और डेंगू का मच्छर लार्वा पनप जाते है जिससे ये भयंकर बीमारी होती है जिससे हमें अपने जान माल का नुकसान होता है। इस अवसर पर साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन के सदस्य अशोक आजाद, रामभूल सिंह राठौड़, कुमारी मुस्कान कुमारी दिव्य,सुमन आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नगर पालिका हापुड़ से चोरी की ई-रिक्शा के साथ चोर हुआ गिरफ्तार




**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार के आदेश अनुसार थाना हापुड़ नगर में पंजीकृत चोरी हुई ई-रिक्शा के मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए उप निरीक्षक अनीश अहमद ने पुलिस टीम के साथ मिलकर नगर पालिका हापुड़ से शनिवार को चोरी की गई यूपी 37 एटी 9954 नंबर की ई-रिक्शा सहित पवन निवासी मोहल्ला शिवगढ़ी को आनंद विहार राम मनोहर लोहिया पार्क हापुड़ से गिरफ्तार किया है खबर लिखे जाने तक अग्रिम विधि कार्रवाई की गई। आपको बता दे शनिवार को हापुड़ नगर कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका हापुड़ से रतिपाल निवासी शिवगढ़ी की ई-रिक्शा यूपी 37 एटी 9954 रूठ नंबर 3045 चोरी होने का मामला प्रकाश में आया था जिसकी सूचना पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को दी थी और पुलिस जांच पड़ताल में जुटी गयी थी। तो वहीं थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चोरी की ई रिक्शा के पंजीकृत मुकदमे के आधार पर सफल अनावरण करते हुए शिवगढ़ी निवासी पवन कुमार चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा बरामद की गई।

### अजगर मिलने से इलाके में मचा हड़कंप



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया**

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा गांव में अजगर मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अजगर मिलने की खबर इलाके में सनसनी की तरह फैल गई,अजगर को देखने के लिए आस पास के इलाके के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुँची वन विभाग की टीम दीपक कनौजिया वन रक्षक, राजीव कुमार गौतम उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, रामनरेश डाकिया की सूजबूझ के चलते अजगर को रेस्क्यू करके दुबग्गा स्थित एल आई टी जंगल में छोड़ दिया गया। हालके किसी को भी किसी तरह से जान माल की हानि नहीं हुई है।

# 7 महीने बीत जाने के बाद भी नहीं बदलवई गई भष्ट हो चुकी ग्राम असरा की 11 हजार की बिजली केबिल लाईन

❖बदलवाने हेतु ग्राम प्रधान असरा ने अधिशासी अभियंता हापुड़ को सौपा ज्ञापन।

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**



**हापुड़।** ग्राम पंचायत असरा के ग्राम प्रधान सोहनवीर ने समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति में 11 हजार की खराब हो चुकी केबिल बिजली लाईन को बदलने की मांग करते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग खंड को ज्ञापन सौपा और ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि पिछले 7 महीने बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत असरा की खराब हो चुकी 11 हजार की केबिल बिजली लाईन नहीं बदलवई गई है। और 24 जनवरी 2024 से 11 हजार की बिजली की केबिल लाईन में बार बार भष्ट होने के कारण आधे गांव में अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामवासी अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं केबल मे हर 5 दिन में भष्ट होता रहता है। जिसे बदलवाने के लिए कई बार मेने 40 से 50 ? ग्राम वासियों की उपस्थिति में जेई, एसडीओ तथा एक्शन साहब को 27 मई 2023 को एक्शन महोदय को उनके कार्यकाल में एक पत्र दिया था जिसमें एक्शन महोदय ने जल्द ही बिजली केबिल लाईन को हटवाकर लाईन बदलवाने का आश्वासन दिया था। आए दिन गाँव में 11 हजार की बिजली की केबिल लाईन में फॉल्ट होते रहते हैं जिससे गांव की लाइन बंद होती रहती है। हम सभी आपसे अनुरोध करते हैं हमारी उक्त समस्या का समाधान शीघ्र ही कर दिया जाए।

### काकोरी पुलिस नें एक फरार चल रहे हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**

**काकोरी ।** राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी शकील अहमद के निकट पर्यवेक्षण में तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज एक नफर वारंटी आनंद कुमार उर्फ बउआ पुत्र गिन्नी लाल निवासी पलहेन्दा थाना काकोरी लखनऊ उम्र करीब 29 वर्ष गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# बे लगाम ट्रक घर में जा घुसा



**द अचीवर टाइम्स। इंद्र कुमार पटेल**

**कटनी।** अनियंत्रित डंपर घर में घुसा, हादसे में मां बेटी की मौत दो अन्य राहगीर घायल, रीठी के ग्राम मगरधा में देर शाम हुई हृदय विदारक घटना, चारों तरफ पसरा मातम कटनी रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम मगरधा में आज शाम लगभग 6 बजे एक हृदय विदरक घटना होने की खबर सामने आई है बताया जाता है कि कटनी की ओर जा रहा एक डंपर टर्निंग में अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। जिसके कारण घर के बाहर बैठी मां बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कबाड़ का व्यवसाय करने वाले एक युवक के अलावा एक अन्य युवती घायल हो गई दोनों घायलों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी भिजवाया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया है पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

### दिल्ली में सुरजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित हुए भाकियू टिकैत युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा




**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश एकलव्य सिंह सहारा जगीर सिंह पैलेस मायापुरी दिल्ली में दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी एवं रामगढ़िया बोर्ड दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरदार सुरजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित हुए। तो वही युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी एवं रामगढ़िया बोर्ड दिल्ली कार्यक्रम में एक शायरी के माध्यम से कहा कि चरित्र जब पवित्र हैं तो क्यूँ है यह दशा तेरी, ये पापियों को हक़ नहीं की ले परीक्षा तेरी, तू खुद की खोज में निकल, तू किसलिए हताश हैं, तू चल, तेरे वजूद की समय को भी तलाश हैं यह कहते हुए कहा कि युवाओं को आलोचना से नहीं डरना चाहिए अपने कार्य को मज़बूती से करते रहना चाहिए। एकलव्य सिंह सहारा ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पोते सरदार इंद्रजीत सिंह बब्बू ,उत्तराखंड सांसद अजय टम्टा (अल्मोड़ा, उत्तराखंड), पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा,रामगढ़िया बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गागी का आभार व्यक्त करते हुए कहा मुझे सम्मानित करते हुए सम्मान दिया में सभी सम्मानित आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। इस दौरान रजत धीमान, अभ्यजोत सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि उपास्थि रहे।

# सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में क्रिकेट अकादमी का प्रबंधक शीला सिंह नें किया उद्घाटन




**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया**

**काकोरी।** लखनऊ के बुद्धेश्वर आदर्श विहार कालोनी में सोमवार को क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया गया। मैनेजर शीला सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सिद्धार्थ अकादमी के कोच अभिषेक चौरसिया ने प्रशंसा करते हुए बताया स्कूल अभी तक शिक्षा के स्तर पर उच्च स्थान पर था अब खेल में भी बेहतर प्रदर्शन छात्र करेंगे जिससे वह अपने स्कूल का नाम प्रदेश स्तर पर व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी करेंगे हाल ही में अभिषेक चौरसिया लखनऊ विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम के सदस्य रहे जो ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पिछले वर्ष खेले कोच अभिषेक चौरसिया ने बताया क्रिकेट अकादमी खुलने से छात्रों को व प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। अकादमी के शुभारंभ पर प्रधानाचार्य रितु धमीजा जिन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की सभी खिलाड़ियों को बधाई भी दी।

### विशेष लोक अदालत में विद्युत अधिनियम से संबंधित 4 वादों का हुआ निस्तारण




**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**

**हापुड़।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह की अध्यक्षता में एवं डॉ0 रीमा बंसल, अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की देखरेख में शासन आदेश अनुसार छाया शर्मा,अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकर द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 के वादों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें कमलेश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश, एम.पी./ एम.एल.ए./ ई.सी. एक्ट हापुड़ द्वारा कुल 174 वाद चिन्हित करते हुए कुल 04 वादों का निस्तारण किया। इस प्रकार जनपद न्यायालय हापुड़ द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 से संबंधित कुल 4 मामलों का निस्तारण किया गया। तो वही जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित हुई विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत को सफल आयोजन किये जाने हेतु न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश, एम.पी./ एम.एल.ए./ ई.सी. एक्ट हापुड़ का आभार व्यक्त किया गया।

# सम्पादकीय

## निराशा को आशाजनक अवसरों में बदलने की खिड़की है परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकॉर्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है। प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं। नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरुआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फ नाता नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसम्पन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे, उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा निखरेगी। संभवतः इसी से सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना आकार ले सकेगा। ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है। भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं। पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है, लेकिन अभी भी शिक्षा में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12,582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भुला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' से शिक्षा के गौरव को स्थापित करने को भी तत्पर हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' में अनेक छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। जैसे हाथ से लिखने की आदत का कम होना। आईपैड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर समय बिताने के कारण बहुत से छात्रों की कलम से कागज पर लिखने की आदत छूट गई है। दैनिक आधार पर छात्रों को लिखने का अभ्यास करना चाहिए। एक विषय लें और उस पर लिखें, और फिर उसमें खुद ही सुधार करें। यह अभ्यास आपको अपनी गलतियों को सुधारने में मदद करेगा और आपको सही तरीके से रणनीति बनाने में भी मदद करेगा। आज परीक्षा में सबसे बड़ी चुनौती हाथ से लिखना ही है, इसके लिये निरन्तर लिखने का अभ्यास जरूरी है। क्योंकि अगर आपको तैरना आता है तो पानी में जाने से डर नहीं लगता। जो प्रैक्टिस करता है उसे भरोसा होता कि मैं पार कर जाऊंगा। छात्रों एवं परीक्षा के लिये एक स्वतंत्र आयोजन, निश्चित ही दूरगामी सोच का परिणाम है। नरेन्द्र मोदी शिक्षा में नये मूल्यों की स्थापना कर उसे सुन्दर शक्ल देने की बड़ी जिम्मेदारी मानते हुए ही ऐसे आयोजन को महत्व दे रहे हैं। उनको खुद को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। वे परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित नये-नये तरीके प्रस्तुत कर छात्रों की निराशाओं को अवसरों की खिड़की बना कर उससे ताजी हवा का अहसास कराते हैं।

# क्या विदेश में सपने देखने का पासपोर्ट नए क्षितिज खोज पायेगा?



-प्रियंका सौरभ

उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इज़राइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया आज जरुरी चर्चा का विषय है। भारतीय मजदूरों की सुरक्षा और सुरक्षा को लेकर चिंताएं होती हैं जब एक बड़ी श्रम शक्ति को ऐसे क्षेत्र में भेजा जाता है जहां हिंसा अभी भी भड़क रही है। इज़राइल और फ़िलिस्तीन अपनी अस्थिर राजनीतिक स्थितियों के कारण संभावित हिंसा और अशांति के प्रति संवेदनशील हैं। कमजोर श्रमिक, विशेष रूप से अपर्याप्त भाषा कौशल और इज़राइली श्रम नियमों के बारे में जागरूकता वाले, बेईमान बिचौलियों या नियोक्ताओं द्वारा फायदा उठाया जा सकता है। निम्न जीवन स्थितियों, वेतन विवादों और भेदभाव की संभावना को संभालना आवश्यक है। उत्प्रवास जांच आवश्यक योजना के तहत जारी किए गए पासपोर्ट अफगानिस्तान, बहरीन, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मलेशिया, ओमान, कतर, दक्षिण सूडान सहित 18 देशों की यात्रा करने वाले श्रमिकों को कवर करते हैं। इज़रायल इस सूची में नहीं है। गाजा पर इज़रायल के हमले के कारण इज़रायल जाने वालों के लिए %ई-माइग्रेट% प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इज़राइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया आज जरुरी चर्चा का विषय है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इज़राइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनएसडीसी वेबसाइट इसे ÷विदेश में सपने देखने का पासपोर्ट÷ और ÷इजरायल में नए क्षितिज खोजने÷ का मौका बताती है। प्लास्टरिंग श्रमिकों के लिए 2,000 रिक्तियां, सिरेमिक टाइल श्रमिकों के लिए 2,000, और लौह झुकने और फ्रेम श्रमिकों के लिए 3,000 रिक्तियां हैं, जिनका मासिक वेतन लगभग ?1.37 लाख (6,100 इज़राइली शेकेल) है। ऐसे में बहुत से सवाल जवाब ढूंढ़ रहें है जैसे- क्या भारत सरकार इजरायल के श्रम मानकों से संतुष्ट है। क्या इजरायल में श्रम कानून बहुत सख्त और मजबूत हैं। क्या यह देश आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का सदस्य देश है। क्या यहाँ श्रम कानून ऐसे हैं जो प्रवासी अधिकारों, श्रम अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। क्या भारत सरकार भी विदेश में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा के सचेत है। घरेलू दरों की तुलना में काफी अधिक दावा की गई कमाई के साथ, यह प्रयास यूपी और हरियाणा के कुशल और अर्ध-कुशल लोगों को रोजगार की आकर्षक संभावनाएं प्रदान कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप अधिक धन प्रेषण हो सकता है, गरीबी में कमी आ सकती है और घर वापस आने वाले परिवारों के लिए बेहतर रहने की स्थिति हो सकती है। भर्ती प्रक्रिया में कौशल मूल्यांकन और निर्देश की आवश्यकता हो सकती है, जो आवेदकों को कौशल प्रदान कर सकता है और भारत और इज़राइल में उनकी रोजगार क्षमता में सुधार कर सकता है। यह समझौता इज़राइल और भारत के बीच राजनयिक और वाणिज्यिक सहयोग के लिए भविष्य के अवसरों को सुविधाजनक बना सकता है। भारतीय मजदूरों की सुरक्षा और सुरक्षा को लेकर चिंताएं होती हैं जब एक बड़ी श्रम शक्ति को ऐसे क्षेत्र में भेजा जाता है जहां हिंसा अभी भी भड़क रही है। इज़राइल और फ़िलिस्तीन अपनी अस्थिर राजनीतिक स्थितियों के कारण संभावित हिंसा और अशांति के प्रति संवेदनशील हैं। कमजोर श्रमिक, विशेष रूप से अपर्याप्त भाषा कौशल और इज़राइली श्रम नियमों के बारे में जागरूकता वाले, बेईमान बिचौलियों या नियोक्ताओं द्वारा फायदा उठाया जा सकता है। निम्न जीवन स्थितियों, वेतन विवादों और भेदभाव की संभावना को संभालना आवश्यक है। कुछ लोगों का तर्क है कि किसी संघर्ष में उलझे देश में प्रवासन में सहायता करते समय नैतिक मुद्दे भी होते हैं। ऐसे काम करने के लिए लोगों को काम पर रखने की नैतिकता को लेकर विवाद है जो संघर्ष के क्षेत्रों में परिचालन को अप्रत्यक्ष रूप से वित्तपोषित कर सकता है। ट्रेड यूनियनों ने उत्प्रवास अधिनियम के तहत उत्प्रवास नियमों का हवाला देते हुए इस कदम का विरोध किया है। वे इस रोजगार अभियान को कानूनी रूप से चुनौती देने की योजना बना रहे हैं। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने मीडिया को बताया कि ऐसा कदम संघर्ष क्षेत्रों से नागरिकों को वापस लाने के भारतीय लोकाचार के खिलाफ है। ट्रेड यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार इज़राइल को खुश करने के लिए अपनी ÷नफरत की राजनीति÷ को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं और श्रमिकों के बीच बेरोजगारी का इस्तेमाल कर रही है। विदेश जाने वाले श्रमिकों के लिए भारत में बने नियम कहते है कि संघर्ष क्षेत्रों या अपर्याप्त श्रम सुरक्षा वाले स्थानों पर जाने वाले श्रमिकों को विदेश मंत्रालय के %ई-माइग्रेट% पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। उत्प्रवास जांच आवश्यक योजना के तहत जारी किए गए पासपोर्ट अफगानिस्तान, बहरीन, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मलेशिया, ओमान, कतर, दक्षिण सूडान सहित 18 देशों की यात्रा करने वाले श्रमिकों को कवर करते हैं। इज़रायल इस सूची में नहीं है। गाजा पर इज़रायल के हमले के कारण इज़रायल जाने वालों के लिए %ई-माइग्रेट% प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाएगा। नियमों के अनुसार, कोई भी भर्ती एजेंट श्रमिकों से ?30,000 से अधिक सेवा शुल्क नहीं लेगा। वर्ष, 2019 में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की एक रिपोर्ट में केंद्र से एक 'प्रवासन नीति' का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया था। दोनों सरकारों को संभावित प्रवासियों के साथ खुला और ईमानदार संचार प्रदान करना चाहिए, इज़राइल में काम करने के फायदे और नुकसान को स्पष्ट करना चाहिए और प्रस्थान-पूर्व पर्याप्त प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करनी चाहिए। प्रवासी श्रमिकों को शोषण और दुर्व्यवहार से बचाने के लिए, कामकाजी परिस्थितियों की निगरानी करने, श्रम कानूनों को लागू करने और शिकायतों को तुरंत संभालने के लिए कुशल प्रणाली का होना आवश्यक है। यह पहल सुरक्षित और नैतिक श्रम प्रवासन के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए मजबूत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इसमें प्रवासी श्रमिकों के लिए काम करने की स्थिति, वेतन, विवाद समाधान तंत्र और सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों पर स्पष्ट समझौते शामिल होंगे। सुरक्षित और नैतिक श्रम प्रवास सुनिश्चित करने और प्रवासी श्रमिकों और उनके गृह देशों दोनों के लिए सकारात्मक परिणामों को अधिकतम करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना, मजबूत सुरक्षा उपाय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक हैं। गंतव्य देशों में व्यवसायों और क्षेत्रों द्वारा श्रम की मांग के अधिक सटीक पूर्वानुमान और अतिरिक्त श्रम संसाधनों वाले देशों में एक मजबूत शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली की आवश्यकता है। सरकार को ऐसी नीतियों के निर्माण में हितधारकों को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा की जा सके।

# नीशीथ ने पाला बदलकर विपक्षी एकता की जड़ें हिला दीं



अशोक मधुप

आखिर बिहार में नीशीथ और उनके जदयू ने विपक्ष के गठबंधन आईऋएनऋडी.आई.ए. से अपना नाता तोड लिया। नीतीश कुमार विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया अलायंस के सूत्राधार रहे हैं। उन्होंने ही भाजपा के विरूद्ध विपक्ष को एकजुट करने की शुरूआत की।एक दूसरे के धूर विरोधी दलों को एक साथ बैठाया, ऐसे में उनके पलटी मार देने से इस गठबंधन को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।नीशीथ को बिहार का पलटू राम कहा जाता है, पलटू राम इस बार पलटीमार कर विपक्ष की एकता की जड़े ही हिंला गए।उनके भाजपा के साथ जाने से जनता में साफ संदेश गया कि ये एका सिद्धांत का नही स्वार्थ का था।नीशीथ का प्रयास विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीवार बनने का था।उसमें असफल होने और अपने प्रदेश में हुए घटनाक्रम के कारण वे अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने के लिए भाजपा के साथ चले गए। नीतीश कुमार ने खुद विपक्षी दलों को एकजुट करने में पिछले कई माह काफ़ी मेहनत की थी। उन्होंने शुरुआत में ऐसे दलों को कांग्रेस के साथ बिठाने में कामयाबी हासिल की जो राहुल गांधी और उनकी पार्टी को लेकर सवाल उठाते रहे थे।नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल में सरकार चला रहीं ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को साथ लाने में कामयाब रहे। पटना में गठबंधन की पहली बैठक कराने को भी उनकी कामयाबी माना गया। दूसरी बैठक के बाद से ही नीतीश कुमार के असहज होनी की चर्चा शुरू हो गई। तब कांग्रेस फ़्रंट फुट पर आती दिखी । रिपोर्टों में दावा किया गया कि गठबंधन संयोजक न बनाए जाने से वो नाखुश हैं।विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखने को लेकर भी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि नीतीश कुमार ने शिकायत की थी कि उनसे सलाह नहीं ली गई। उनका मानना था कि इंडिया में एनडीए आता है, इसलिए ये नाम न रखा जाए, किंतु उनकी नही सुनी गई। हालांकि, नीतीश कुमार ने अपनी नाराजगी की रिपोर्टों को खारिज कर दिया था। रविवार को बीजेपी के अगुवाई वाले गठबंधन एनडीए के साथ जाने का फैसला करने के बाद खुद नीतीश कुमार ने अपनी असहजता को साफ़ बयां किया कि 'कुछ ठीक नहीं चल रहा था। दरअस्ल यह चाहते थे कि उन्हें गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाए, किंतु 19 दिसंबर को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए सुझाए जाने पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया तो नही दी किंतु उनका गठबंधन से मन उचटने लगा। उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन पर हावी होना चाहती है। राहुल की भारत न्याय यात्रा ने इस विद्रोह में आग में घी का काम किया। कायदे ये यात्रा उन प्रदेशों में निकलनी चाहिए थी, जहां कांग्रेस की सरकार हैं। बिपक्षी दलों के सरकार वाले प्रदेश में स्थानीय दल की मर्जी से उसे साथ लेकर ये यात्रा की जानी चाहिए थी।किंतु ऐसा नही हुआ। बंगाल में यात्रा पहुंचने पर ममता बनर्जी को लगा कि उन्हें कमजोर करने के लिए उनके प्रदेश से यात्रा निकाली जा रही है। जरा-जरासी बात पर नाराज होने वाली ममता इस यात्रा के बंगाल में आते ही उछल गई। उन्हें लगा कि राहुल और कांग्रेस इसके माध्यम से उन्हें कमजोर करना चाहती है। सो उन्होंने बंगाल में अकेले अपने बूते पर पूरे प्रदेश में चुनाव लडने की घोषणा कर दी।यात्रा बिहार में भी आनी थी। बिहार में नीशीथ को अपने सहयोगी रहे लालू यादव के रवैये से लगा कि वह उनकी पार्टी में तोड़फोड़ करना चाहते हैं। दरअस्ल नीशीथ कुमार के इस पलट के पीछे उनकी पार्टी में चल रही राजनीति थी। नीशीथ कुमार को पिछले महीने इसकी भनक तब लगी जब पार्टी के कुछ विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर मीटिंग की थी। इसके साथ ही नीशीथ ने तेजी दिखाते हुए ललन सिंह को पार्टी के राष्ट्रीस य अध्यक्ष पद से हटा दिया था तथा खुद पार्टी के अधयक्ष बन गए थे।तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि उनकी पार्टी में सब कुछ सही नही चल रहा है और उनके और लालू यादव के रास्ते अलग होने वालें हैं। लालू यादव नीशीथ पर दबाव दिए थे कि वे तेजस्वी को मुख्य मंत्री बनाए।नीतीश कुमार ने रविवार को बिहार के महागठबंधन से अलग होकर बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए का हाथ थाम लिया। दोनों ने मिलकर सरकार बना ली। शपथ भी हो गई। ये भी तै हो गया कि जदयू और भाजपा मिलकर बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी का प्रयास था कि वह विपक्ष की एकता तोड़ सके, सो वह उसमें कामयाब हो गई।उसने बड़ा सोच समझकर ये निर्णय लिया। भाजपा को नीशीथ के साथ लेने से लोकसभा चुनाव में बिहार में फायदा ही होगा नुकसान नही।दूसरे विपक्ष में टूट करके वह इस टूट का फायदा उठाने में लग गई है। उसने प्रचार शुरू कर दिया कि ये स्वार्थ का गठबंधन है। बिहार में सत्ता परिवर्तन के तुरंत बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 'इंडी अलायंस' सैद्धांतिक रूप से असफल हो चुका है।नड्डा ने पत्रकारों से कहा, ÷हम पहले भी कह चुके हैं कि इंडिया अलायंस अवित्र, ग़ैरवैज्ञानिक है और यह ज़्यादा दिन तक नहीं चलेगा. और भारत जोड़ो यात्रा जो बेनतीजा समाप्त हुई और अभी की इनकी अन्याय यात्रा और भारत तोड़ो यात्रा और इंडी अलांयस है, यह सैद्धांतिक तौर पर विफल हो चुका है.÷ये माना जाता है कि उनका संकेत विपक्षी गठबंधन में उनकी भूमिका को लेकर असमंजस की ओर था।

नीशीथ के निर्णय से पहले ही टीएमटी भी बंगाल में अकेला चलो की राह पर निकल गई। पंजाब में आप कह ही चुकी है कि वह वहां अकेले चुनाव लड़ेगी। उत्तर प्रदेश में अखिलेश कांग्रेस को 11 सीट से ज्यादा देने को तैयार नही। नीतीश कुमार के रुख को एकजुट होने में लगे सभी विपक्षी दल आश्चर्य में हैं। कांग्रेस अब भी असमंजस में दिख रही है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा, 'जिस इंडिया गठबंधन के लिए 23 जून को नीतीश कुमार जी ने विपक्ष की 18 पार्टी को निमंत्रण दिया था, जिसकी पटना में बैठक हुई, फिर जुलाई में बंगलुरु में बैठक हुई, उसके बाद अगस्त में मुंबई में बैठक हुई और तीनों बैठकों में नीतीश जी का बड़ा योगदान रहा. तो हम मान कर चल रहे थे कि वो बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे। दरअस्ल गैर सिद्धांत की एकजुटता में ऐसा ही होता है। यह एकता सिद्धांत को लेकर नही थी। स्वार्थ की एकता थी। मतलब का संबंध था। सब इसलिए एक हुए थे ,कि लोक सभा चुनाव में भाजपा को हराना है, इसलिए ये टूटना ही था।टूटने लगा। इससे पहले भी जब- जब ऐसी एकता हुई है तब ङ्क तब स्वार्थ के कारण यह टूटी है। इंदिरा गांधी को हराने के लिए हुआ एका हो या राजीव गांधी को सत्ता से बाहर रखने के लिए किया गया गठबंधन ।सब की परिणाम सदा टूटना और बंटना रही है।

# विपक्षी गठबंधन का हवाई किला इतनी जल्दी ढहने की उम्मीद किसी को नहीं थी

भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। इंडी गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में, इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। बिहार से भी जो समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने 'इंडिया' का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं 'अंतिम' हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को 'अवसरवादी नेता' करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है। ममता 'इंडिया' की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ ज़हर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में 'न्याय यात्रा' और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच विषैला अलगाव इस सीमा तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बयान देकर पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना 'इंडिया' गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल, तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे। वाममोर्चे को करीब 7.5 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर 'शून्य' ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के सीटों पर किसी से समझौता नहीं होगा। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 13 लोकसभा सीटों के लिए करीब 40 उम्मीदवार शार्ट लिस्ट किए हैं। आम आदमी पार्टी 13 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के लिए सर्वे करवा रही है। कांग्रेस ने साल 2019 में राज्य में आठ लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि आप ने केवल एक सीट जीती थी। वहीं 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में आप ने पंजाब में 92 सीटें जीतीं, जबकी 2017 में उसके 20 उम्मीदवार जीते थे। उसका वोट शेयर बढ़कर 42.4 प्रतिशत हो गया था।

# सहसवान आयुष डॉक्टर्स एसोसिएशन का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

संवाददाता



**सहसवान/ बदायूं।** नारायण भवन में कल रात सहसवान आयुष डॉक्टर एसोसिएशन का सालाना जलसा यानी एनुअल फंक्शन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनानी डिविजनल ऑफीसर बरेली जोन अब्बास अली खान तथा कार्यक्रम के अतिथि विशेष नगर सहसवान के उप जिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह सहसवान चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रशांत त्यागी सहसवान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मीर हादी अली उर्फ बाबर मियां असिस्टेंट प्रोफेसर खतीब अहमद हैदर मियाँ और इण्डियन मेडिसिन बोर्ड के सदस्य डॉ शकील अहमद थे और कार्यक्रम की सदारत राजपूताना मेडिकल कॉलेज राजस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर शफीक नकवी ने की। ज्ञात रहे कि सहसवान आयुष डॉक्टर एसोसिएशन की स्थापना 25 जुलाई सन 2023 को हुई थी और सहसवान के तमाम आयुष डॉक्टर्स को एक प्लेटफार्म पर लाने और उनके साथ विचार विमर्श करने का नगर सहसवान के प्रतिष्ठित आयुष चिकित्सक मुजीबुर्रहमान के मन में इसका विचार आया और उन्होंने नगर सहसवान के तमाम आयुष चिकित्सकों के सहयोग से इसकी स्थापना की। कल रात नारायण भवन में सहसवान आयुष डॉक्टर्स एसोसिएशन का पहला एनुअल फंक्शन पूरी कामयाबी और कमरानी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ डॉ मुनीर अख्तर उर्फ राजा की पुत्री जुबेरिया मुनीर ने कुराने करीम की आयत सूरह फातिहा और सूरह इखलास की तिलावत करके की। मुख्य अतिथि और अतिथि विशेष के पधारने के बाद सुमैया फातिमा, अफीफ रहमान, हमजा नकवी ओर उरूज इशरत स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया। राष्ट्रीय गान के बाद संगठन के पदाधिकारी के द्वारा बाहर से आए मुख्य अतिथि डॉ अब्बास अली खान अतिथि विशेष एस डी एम सहसवान प्रेम पाल सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर खतीब अहमद पूर्व प्रधानाचार्य पन्नालाल इंटर कॉलेज डॉक्टर दबीर उल हसन ,नगर पालिका अध्यक्ष बाबर मियां उनके छोटे भाई हैदर मियां डॉ आदित्य गुप्ता व बदायूं से तशरीफ़ लाये डॉ शकील अहमद और उनके साथियों क्रमशः डॉ जीशान, डॉ खुर्रम अली खान, डॉ कमर और कार्यक्रम के सदर- ए- मोहतरम डॉ शफीक नकवी का डॉ मुजीबुर्रहमान,( संस्थापक) डॉ गुफरान रिजवी( अध्यक्ष) , डॉ मुनीर अख्तर, डॉ ग़ज़ाला रहमान, डॉ अरशद अली, डा आमिर अली, डॉ नवेद नकवी, डॉ शुमाइल ज़ुबैरी, डॉ अंशुल चांडक, डॉ शानू, डॉ हसन, डॉ रशीद नक़वी, डॉ आकिल, डॉ इशरत डॉ शेहला रहमान, डॉ कमाल अख्तर, डॉ यासिर खान उर्फ प्रिंस, डॉ ज़ीनत खान, डॉ इशरत, डॉ तौहीद, डॉ अंकित महेश्वरी, डॉ सुजाता माहेश्वरी, डॉ जफर इकबाल द्वारा शॉल व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। अपने व्यस्ततम शेड्यूल में से समय निकालकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए और आयुष चिकित्सकों की होंसला अफ़ज़ाई करने के लिए अतिथि विशेष एस डी एम सहसवान प्रेमपाल सिंह ने कहा कि आपकी यह एसोसिएशन नगर सहसवान के नागरिकों के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है और मुझे आपके द्वारा किए गए जनहित कार्यों की सूचना मिलती रहती है यही वजह है की बहुत व्यस्त होने के कारण भी में आपके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने आप को न रोक सका और भविष्य में भी प्रशासनिक स्तर का यदि कोई भी कार्य आपकी आपकी संगठन के द्वारा जनहित कार्यों के लिए होगा तो मैं उसके लिए हर वक्त तैयार हूं। कार्यक्रम में वक्तागणों ने जैसे- मुख्य अतिथि अब्बास अली खान, अतिथि विशेष एस डी एम सहसवान, असिस्टेंट प्रोफेसर खतीब अहमद, बाबर मियां, हैदर मियां इंडियन मेडिसिन बोर्ड के सदस्य डॉक्टर शकील अहमद डॉ आदित्य गुप्ता, संगठन के संस्थापक डॉ मुजीबुर्रहमान, अध्यक्ष डॉ गुफरान रिजवी, उपाध्यक्ष डॉ नवेद इकबाल, सेक्रेटरी डॉक्टर ग़ज़ाला रहमान मीडिया प्रभारी डॉ मुनीर अख्तर, ओर अंत मे कार्यक्रम के सदरे-ए-मोहतरम डॉ शफीक नकवी ने अपने अपने विचार रखकर कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाए।

कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों जैसे- मरियम कमाल, नमरा अली, मोहम्मद अशहर अली, अफीफ रहमान, वलीद नकवी उरूज इशरत, हमजा नकवी, सुमैया फातिमा और जुबेरिया मुनीर ने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अतर सिंह शाक्य,, उनके पुत्र रवि शाक्य, सैयद शमशुज़्जूहा नक़वी, अब्दुल फरीद खां, डेंटल सर्जन डॉ रियाज, डॉ अब्दुल कादिर, डॉ हिरा, डॉ अदीबा, डॉ शगुफ्ता डॉ गौहर, डॉ शारु, सय्यद वहाब, आदि व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

किसी भी कार्यक्रम को कामयाब बनाने में कार्यक्रम के संचालक का बहुत बड़ा हाथ होता है और इस कार्यक्रम को कामयाबी की बुलंदियों तक ले जाने में संगठन के मीडिया प्रभारी डॉ मुनीर अख्तर ने एक संचालक के रूप में बखूबी अपने फर्ज को अंजाम दिया और अपने खूबसूरत अंदाज में कार्यक्रम का संचालन करके कार्यक्रम में मज़ीद चार चांद लगाए। कार्यक्रम के अंत में संगठन के संगठन के संस्थापक डॉ मुजीबुर्रहमान व अध्यक्ष महोदय डॉ गुफरान रिजवी ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी मेहमानों का और पत्रकार बंधुओ जैसे अनवर खान, सौरभ गुप्ता, रवि चौहान मोहम्मद तारिक मोहम्मद सलीम खान, आलोक मालपानी, जगतपाल, शिव यादव आदि का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया और रात्रि भोज करने का आग्रह भी किया। डॉ मुजीबुर्रहमान ने सभी मेहमानों को एक गिफ्ट पैक भी भेंट किया।

# क्षेत्रीय विधायक ने हसनगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरिक्षण

❖ उपस्थित रजिस्टर देख क्षेत्रीय विधायक का चढ़ा पारा हसनगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को दिए कड़े निर्देश।

❖ मरीजों से दवाइयों एवं उनकी गुणवत्ता को लेकर साझा की जानकारी क्षेत्रीय ग्रामीणो को बेहतर इलाज देने का कर रहे प्रयास - ब्रजेश कुमार रावत।



द अचीवर टाइम्स - महेन्द्र कुमार

**हसनगंज (उन्नाव)।** विधानसभा 164-मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत ने बीते सोमवार हसनगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरिक्षण। हसनगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में उपस्थित लोगों व मरीजों से क्षेत्रीय विधायक ने बात-चीत कर दवाइयों को लेकर गम्भीरता से हसनगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मौजूद लोगों से पहले से बेहतर इलाज होने या न होने की ली जानकारी। हसनगंज सी.एच.सी.प्रभारी प्रमोद सिंह से स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं को लेकर जाना हाल-चाल डाक्टर उपस्थित रजिस्टर का लिया जायजा जिसमें पूरे स्टाफ समेत एक डॉक्टर रहे अनुपस्थित बिना कारण बताए अनुपस्थित होने को लेकर क्षेत्रीय विधायक का चढ़ा पारा व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सी.एच.सी. प्रभारी प्रमोद सिंह को दिए कड़े निर्देश कहा बिना कारण बताए कोई भी डाक्टर व अन्य कर्मचारी न मिले अनुपस्थित।

# एक नज़र

## विपक्षियों ने लगाई घर में आग पीड़िता महिला ने लगाई पुलिस अधीक्षक से कार्यवाई की गुहार

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

पाली हरदोई पीड़िता महिला ऊषा सिंह पत्नी राजबीर सिंह निवासी ग्राम कनकापुर लाल तहसील सवायजपुर थाना पाली जिला हरदोई ने पुलिस अधीक्षक हरदोई से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया है कि वह एक गरीब महिला है जिसके विपक्षीगण छोटे सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह आजार सिंह व अमन सिंह पुत्रगण छोटे सिंह उसी गाँव के ही निवासी हैं जो दबंग व राजनैतिक पहुँच वाले व्यक्ति है।पीड़िता ने बताया है कि वह दि0 22.11.24 को अपने परिवार के साथ बाहर गई थी । समय करीब 11-12 बजे रात विपक्षीगण आजाद.अमन व छोटे सिंह ने मुकदमे बाजी की रंजिश को लेकर उसके घर में रखा सामान चुराकर घर में आग लगा दी।जब वह वापस घर आई तो विपक्षीगण से शिकायत करने गई तो विपक्षीगण ने कहा घर में रखा सामान चुराकर घर में आग लगा दी है तुम्हे जो करना हो वो कर लो एक दिन हम तुम्हे व तुम्हारे परिवार को भी मारकर जला देंगे।पीड़िता तब से लगातार थाना पाली के चक्कर लगा रही है लेकिन विपक्षीगण की पहुँच के कारण पुलिस विपक्षीगण के विरुद्ध कार्यवाही नही कर रही है।

## पति का नाजुक अंग काटने वाली पत्नी पर मुकदमा घायल का हुआ मेडिकल

संवाददाता

**हमीरपुर।** पति के द्वारा रोजाना अप्राकृतिक संबंध बनाने से परेशान हो चुकी पत्नी ने दांतों से उसका गुप्तांग काट लिया। जिससे पति लहूलुहान हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया था। इलाज के बाद वापस आए पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए युवक का डाक्टरी परीक्षण कराया है। सदर कोतवाली के टिकरौली गांव निवासी 27 वर्षीय राजू निषाद तीन बच्चों का पिता है। पत्नी आशा का आरोप है कि राजू उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता था। कई बार वह इसका विरोध भी कर चुकी थी। लेकिन राजू अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। शनिवार की रात भी उसके पति ने उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने लगा। जिस पर उसने मना किया। लेकिन जबरदस्ती से परेशान आ चुकी पत्नी ने अपने दांतों से पति का गुप्तांग काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि इलाज के बाद वापस आए पति की तहरीर पर पत्नी के विरुद्ध धारा 324 व जानमाल की धमकी देने वाले युवक के साले के विरुद्ध जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

## डग्गामार वाहनों पर टीआइ का चला चाबुक तीन आटो किए सीज



**हमीरपुर।** यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ शिकंजा कसे हुए तीन आटो को सीज किया है और दो सौ से अधिक वाहनों का चालान किया। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरा तफरी मची हुई है। एसपी डा.दीक्षा शर्मा के निर्देश पर सोमवार को यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ हमीरपुर से कुरारा और सुमेरपुर रोड पर चलने वाले प्राइवेट वाहनों के खिलाफ शिकंजा कसा। इस दौरान उन्होंने क्षमता से अधिक सवारी लेकर जा रहे तीन आटो को सीज करते हुए कोतवाली पुलिस को सुपुर्द किया। तीन आटो के सीज होने की सूचना फैलते ही वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गई और वह टीम की लोकेशन लेते रहे। कई वाहन चालक अपने वाहनों को लेकर फरार हो गए। ताकि कोई कार्रवाई न हो। यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों ने गोल चबूतरे में दिया धरना, बोले हमारी मांगें पूरी हो

**हमीरपुर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में नव भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में तमाम किसानों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि एमएसपी पर कानून बनाया जाए, पूरे देश के किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए व दोबारा कर्ज लेने पर कानून के तहत वसूली की जाए। किसानों की खेती को मनरेगा से जोड़ा जाए व मनरेगा में काम करते समय किसान की दुर्घटना में मृत्यु होती है तो उसके परिवार को पांच लाख का मुआवजा दिया जाए। किसानों के बच्चों को स्नातक तक की शिक्षा मुफ्त दिलाई जाए। किसानों का समर्थन मूल्य लागू किया जाए। किसानों का गन्ना मूल्य बढ़ाया जाए। वरिष्ठ किसानों को पांच हजार रुपये प्रति माह पेंशन दी जाए। कृषि भूमि पर लगाए गए वृक्षों को वन संरक्षण कानून से बाहर किया जाए। आवारा पशुओं से किसान परेशान है उसकी व्यवस्था कराई जाए। एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल डिब्बे बढ़ाए जाएं। ट्रेनों में जो सीनियर सिटीजन को पहले छूट मिलती थी वह



# लोन देने के नाम पर देश भर में ठगी करने वाले दो अन्तर्राज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

❖ सस्ते ब्याज दर पर लोन का फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी मोबाइल नम्बरां के साथ देते थे विज्ञापन

द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार



**हापुड़।** थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पांडे व निरीक्षक अरविंद चौधरी ने पुलिस टीम के साथ मिलकर अंबेडकर तिराहा मेरठ रोड से लोन देने के नाम पर देश भर में ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर दो शातिर ठगो को गिरफ्तार किया है वही क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर वरुण मिश्रा ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आईपीएल फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी के नाम पर एसएमई योजना के अंतर्गत सस्ते ब्याज दरों पर लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अनिल पुत्र मानसिंह निवासी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली हाल पता निशांत एनक्लेव गढी जस्सी थाना लोनी जनपद गाजियाबाद व ? पवन पांडे पुत्र रामजी पांडे निवासी ए 250, गली नंबर 6 कश्मीरी कॉलोनी जैन नगर कंझावला नॉर्थ ईस्ट दिल्ली हाल पता कृष्णा कॉलोनी नियर काली माता मंदिर उत्तम नगर दिल्ली अन्तर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से एक आईफोन सहित 6 मोबाइल फोन, लैपटॉप, 17040/- रुपये, 2 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड एवं आईफएल फाइनेंस लिमिटेड व फ्यूचर जनरली न्यू सरल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की फर्जी कूटरचित लेटर इत्यादि बरामद किये है अभियुक्तगण सस्ते ब्याज दर पर लोन का फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी मोबाइल नम्बरां के साथ विज्ञापन देते थे। जिस जरूरतमंद को लोन की आवश्यकता होती है वह ऐड में दिये गये मोबाइल नम्बरों पर कॉल करते थे तो अभियुक्तगण आईपीएल फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी के मैनेजर व कर्मचारी बताकर जरुरतमंद लोगों को अपनी बातों में फंसाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। अभियुक्त शातिर किस्म के साइबर अपराधी हैं, जिनके खातों में विगत 6 माह में करीब 25 लाख रूपये की ट्रांजेक्शन का होना पाया गया है तथा दोनों शातिर ठग देश के विभिन्न राज्यों में सैकड़ों लोगों के साथ ऐसी घटनाएं कारित कर लाखों रूपये का आर्थिक लाभ कमा चुके हैं।

# वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान तथा दिव्यांग समिति के तत्वाधान पूजा अर्चन कर वाटा प्रसाद



संवाददाता

**उरई जालौन।** वरिष्ट नागरिक सेवा संस्थान तथा दिव्यांग समिति द्वारा श्रीं राम की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर जालौन रोड पर उत्सव पैंशनर ने मनाया पूजा अर्चना करके प्रसाद बाटा गया चीफ गेस्ट अग्निवेश (जिला मंत्री बीजेपी) ने दीप जलाया अध्यक्ष डॉ ज्ञान गुप्ता वरिष्ट नागरिक पेंशन सेवा संस्थान ने गीत गाए अखिलेश खरे वरिष्ट जिला उपाध्यक्ष वरिष्ट पेंशन सेवा संस्थान जालौन ने कहा आज हम धन्य है जो सपना हमारे पूर्वजों ने संजोया था जिनके हम साक्षी है जिला मंत्री पेंशन संस्थान राधारमण गोस्वामी जी ने गीत गाए अखिलेश श्रीवास्तव, केश कुमार मिश्रा, नीरज गुवरेले और सी?पी बिहारी ने भजन गाए ,पूनम (जिला अध्यक्ष महिला दिव्यांग) समिति, विक्रम सिंह बादशाह (जिला अध्यक्ष पुरुष दिव्यांग समिति),शैलेश कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ स्टंट बाजो पर कसा शिकंजा

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** थाना गोमतीनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.1.2024 को नवयुवकों द्वारा डा। भीमराव अम्बेडकर पार्क के पास सड़क पर स्टंटबाजी करने वाले 05 नफर अभियुक्तों/नवयुवकों को गिरफ्तार करते हुए 05 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया।

पुलिस आयुक्त एस0बी) शिरडकर कमिश्नरेट लखनऊ व संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) आशीष श्रीवास्तव व अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) महोदय सैय्यद अली अब्बास व सहायक पुलिस आयुक्त गोमतीनगर अमित कुमावत एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गोमती नगर दीपक कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना गोमती नगर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर लखनऊ के पास सड़क मार्ग पर दिनांक 26.1.2024 को नवयुवको द्वारा पार्क के पास सड़क पर किये जा रहे स्टंटबाजी तथा बाइक रेसिंग की घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुये स्टंटबाज युवकों को गिरफ्तार किया गया व 05 मोटरसाईकिलों को सीज किया गया।

नाम पता अभियुक्त

1-हर्ष त्रिपाठी पुत्र देवमणि त्रिपाठी उम्र 20 वर्ष नि0 आरएस 5/77 एलडीए कालोनी टिकैतराय राजाजीपुरम थाना बाजारखाला जनपद लखऊ। 2-मो0 फैज पुत्र अफजल उम्र 23 वर्ष नि0 131 काकोरी कोठी ख्यालीगंज थाना कैसरबाग जनपद लखनऊ 3-गोलू कश्यप पुत्र जंगुलाल उम्र 18 वर्ष नि0 इंदिरानगर थाना इंदिरानगर जनपद लखनऊ। 4- महताब अंसारी पुत्र मेहरुद्दीन अंसारी उम्र 19 वर्ष नि0 अबरारनगर कल्याणपुर थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ। 5-इरफान अली पुत्र मो0 उमर उम्र 20 वर्ष नि0 सी ब्लाक इंदिरानगर लखनऊ मूल पता सेडुनिस्सा गाजीपुर गांव थाना गाजीपुर लखनऊ सीज किये गये मोटरसाईकिलों का विवरण-

1. R15 गाडी नं0 UP32NZ0768
2. RC-200 गाडी नं0 UP32JV9048
3. R15 गाडी नं0 UP32KM1308
4. R15 गाडी नं0 UP32PC4169
5. RC-200 गाडी नं0 UP32HE7075

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना गोमतीनगर लखनऊ

1.उ0नि0 ऋषि विवेक थाना गोमतीनगर लखनऊ। 2. उ0नि0 प्रणय रंजन थाना गोमतीनगर लखनऊ। 3. का0 सतीश खरवार थाना गोमतीनगर लखनऊ।4 का0 रोहित पासवान थाना गोमतीनगर लखनऊ। 5. का0 सुरेन्द्र थाना गोमतीनगर लखनऊ।

# सहसवान में उद्योगपति फिल्मी अभिनेता खालिद परवेज ने रैन बसेरे का फीता काटकर किया उद्घाटन

संवाददाता

**सहसवान।** बदायूं मेरठ राजमार्ग पर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने कृषि रक्षा के समिति के सौजन्य से 25 लोगों को ठहरने के लिए रैन बसेरे का आज उद्योगपति फिल्मी अभिनेता खालिद परवेज फीता काटकर उद्घाटन किया। इस उपरांत फिल्मी अभिनेता खालिद परवेज ने कहा कि शीत लहर के चलते रात के समय शीत लहर से बचने के लिए आश्रम ढूंढ रहे लोगों के लिए रेन बसेरा की स्थापना कृषि रक्षक समिति के तत्वाधान में की गई है जिसमें सारी व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। अधिवक्ता सैयद रोशन यासीन नकवी मैं संबोधित करते हुए कहा कि रैन बसेरे में ठहरने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी यहां ठहरने वाले को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी

रात्रि के समय अपने आवास तक पहुंचाने के लिए वाहन न मिलने की वजह से लोग भटकते हैं जो रैन बसेरे में रुक सकते हैं। एडवोकेट सैयद रोशन यासीन के इस कार्य की सभी लोगों ने प्रसन्नता की कार्यक्रम से पूर्व फिल्मी अभिनेता उद्योगपति खालिद परवेज का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमर जमशेद ने किया इस मौके पर सभासद शाकिर अंसारी, प्यारे मियां, परवेज अख्तर नकवी, जावेद इकबाल एडवोकेट, गयासुद्दीन, सपा नेता सुआले चौधरी, सभासद केसु, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाफिज इरफान, डॉ अब्दुल रशीद, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ अधिवक्ता रोशन यासीन नकवी ने सभी आने वाले लोगों का आभार

# एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

द अचीवर टाइम्स। रजनीश कुमार



बख्शी का तालाब स्थित एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में सोमवार को लाइव प्रसारण परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में मा0 मंत्री संदीप सिंह,राज्य मंत्री बेसिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), उ0प्र0, मा0 पवन सिंह चौहान, एम.एल.सी. उ0प्र0, डॉ0 एम.के. शनमुगा संदरम, प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, अपर्णा यू सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, कंचन वर्मा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ, पियूष सिंह चौहान (वाइस चेयरमैन एस0आर0 ग्रुप) एवं सुष्मिता सिंह चौहान (वाइस चेयरपर्सन) उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान संवाद किया। भारत मंडपम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आप उस स्थान पर आए हैं, जहां भारत मंडपम के प्रारंभ में दुनिया के सभी बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं ने दो दिन बैठकर विश्व के भविष्य की चर्चा की थी। आप भारत के भविष्य की चिंता अपनी परीक्षाओं की चिंताओं के साथ-साथ करने वाले हैं। एक प्रकार से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम मेरे लिए भी परीक्षा होता है। आपमें से बहुत से लोग हैं जो हो सकता है मेरी परीक्षा लेना चाहते हों। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने दोस्तों से परीक्षा में प्रतिस्पर्धा के सवाल पर कहा कि आपको अपने दोस्तों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, दोस्ती लेन-देन का खेल नहीं है। मान लीजिए 100 नंबर का पेपर है। आपका दोस्त अगर 90 नंबर ले आया तो क्या आपके लिए 10 नंबर बचे? आपके लिए भी 100 नंबर हैं। आपको उससे स्पर्धा नहीं करनी है आपको खुद से स्पर्धा करनी है। उससे द्वेष करने की जरूरत नहीं है। असल में वो आपके लिए प्रेरणा बन सकता है। अगर यही मानसिकता रही तो आप अपने से तेज तरार व्यक्ति को दोस्त ही नहीं बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, दोस्त हमसे ज्यादा तेजस्वी और तपस्वी चुनना चाहिए और उनसे हमेशा सीखना चाहिए।


**बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को विजिटिंग कार्ड बना देते हैं मां-बाप**

पीएम मोदी ने कहा, कुछ मां बाप अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड बना देते है। उन्होंने कहा, कई बार मैंने देखा है कि ऐसे मां बाप जो खुद सफल नहीं पर हैं वो अपने बच्चों एक रिपोर्ट कार्ड को ही विजिटिंग कार्ड बना लेते हैं। जहां जाते हैं अपने बच्चों की कथा सुनाते हैं। इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा, मां-बाप अपने बच्चों को हर वक्त कोसते रहते हैं,तो आपके दिमाग में भी यही मानदंड बन जाता है। इससे बचना चाहिए।

**तनाव कम करने में शिक्षक की भूमिका अहम**

छात्रों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। इस अवसर पर आये हुये सभी अतिथियों को एम.एल.सी पवन सिंह चौहान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# अनियंत्रित होकर पलट गया रिक्शा, चार घायल




द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला

**रामनगर बाराबंकी।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहायपुर के पास अनियंत्रित होकर रिक्शा पलट गया। रिक्शा पलट जाने के कारण एक महिला समेत चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिसमे चमेली देवी पत्नी जगदीश ग्राम नहरवल को गंभीर चोट आई है बाकी तीन लोगों को मामूली चोट आई है। जब इसकी सूचना स्थानीय लोगो के द्वारा एम्बुलेंस को दी गयी उसके बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों के लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर आये। जहां पर उन लोगो का उपचार जारी है।

# वाइटैलिटी टैलेंट सर्च 2024

# सम्मान समारोह का किया विशाल आयोजन





**संवाददाता**

**लखनऊ।** वाइटैलिटी एकेडमी (बनियापार, मुहम्मदाबाद गोहना, ज़िला मऊ) ने वाइटैलिटी टैलेंट सर्च 2024 का परीक्षण 9 स्कूलों में आयोजित कराया, इस परीक्षण में कुल 800 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया जिसके परिणाम स्वरुप 122 ने रैंक हासिल किया। इक़रा पब्लिक स्कूल, खैराबाद, मऊ कक्षा दसवीं की छात्रायें सिदरा नौषाद, असफिया, अर्शिया अन्जुम, रिमशा अदीब, समायल तैमूर, शैखा अबूज़र एवं फाइज़ा ने रैंक हासिल किया (सिदरा नौशाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया) और कक्षा 8वीं के छात्र एवं छात्राओं अब्दुर रहमान, हसन जावेद, अफरा नौशाद, उमैमा रहमान, आइशा सिद्दीक़ी ने रैंक हासिल किया ( अब्दुर रहमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया) इन छात्र एवं छात्राओं ने इक़रा पब्लिक स्कूल का नाम उज्जवल करने में अपनी अपनी भूमिका भरपूर निभाई। इस समारोह में गणमान्न अतिथियों श्री अब्दुल वाजिद अंसारी साहब बहरियाबाद, गाजीपपुर (5 से ज़ायद स्कूलों के फाउन्डर) श्री मौलाना अब्दुल अज़ीज़ नदवी साहब (फाउन्डर-हैवन गार्डेन स्कूल), श्री मुम्ताज़ अहमद साहब (डायेरेक्टर-वाइटैलिटी एकेडमी) द्वारा सभी स्थान प्राप्त छात्र एवं छात्राओं को मेडल और सर्टीफिकेट प्रदान की गयी। श्री फारिस अज़ीज़ (ऑफिस इक्ज़िक्यूटिव) एवं इक़रा पब्लिक स्कूल व वाइटैलिटी एकेडमी की फैकल्टीज़ ने सम्मानित क्षात्र एवं क्षात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुये अपनी प्रसन्नतायें व्यक्ति कीं।

## महिला डिग्री कालेज में हुई प्रश्नोत्तरी, रागिनी रहीं प्रथम



**हमीरपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डा.राजकुमार के संरक्षण में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डा.अशोक बाबू व डा.ज्योति यादव शामिल रहीं। इस प्रतियोगिता में रागनी प्रथम, निशा द्वितीय व रोशनी यादव तृतीय रहीं। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डा.शालिनी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी लवकुश कुमार समेत प्राध्यापक डा.सबा कौसर, मृदुलता सोनकर, नरेश कुमार, प्रतिमा चौहान, प्रतिभा, ज्ञानवती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान से अयोध्या आई स्पेशल ट्रेन

**अयोध्या।** राजस्थान से आस्था स्पेशल ट्रेन पहुंची अयोध्या,,, लगभग ढाई हजार लोग आस्था स्पेशल ट्रेन में पहुंचे हैं अयोध्या,,आज करेंगे रामलला का दर्शन,, सरयू में करेंगे स्नान,, राम लला के दर्शन के लिए पूरे देश से चलाई जा रही है आस्था स्पेशल ट्रेन,, आस्था स्पेशल पहली ट्रेन पहुंची अयोध्या,, ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा करके ट्रेन यात्रियों का किया गया स्वागत,,बीएचपी और आरएसएस से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं की पहली ट्रेन जयपुर से पहुंची अयोध्या,, दूसरी ट्रेन दोपहर 2़30 बजे पहुंचेगी रामनगरी,,लगभग 2700 मेहमान पहुंचे हैं स्पेशल ट्रेन से अयोध्या,, रामलला का करेंगे दर्शन,, विराजमान रामलला का लेंगे आशीर्वाद,, मेहमानों के रुकने के लिए रामलला नगर तीर्थ क्षेत्रपुरम में की गई है व्यवस्था।

## अगर नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो यह देश का आखिरी चुनाव होगा़ खड़गे



**मनोरंजन सासमल , स्टेट हेड ओड़िशा**

**भुबनेस्र्व।** ओड़िशा की भुबानेश्वर एक बिसाल राली ओड़िशा बचाओ अभियान को कोंग्रेस अध्यख्य मल्लिकार्जुन खड़के सम्बोधित किया।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को आशंका जताई कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोबारा जीते तो यह देश का आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका है। ओड़िशा रैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा, अगर नरेंद्र मोदी चुनाव जीत गए तो देश में तानाशाही हो जाएगी।खड़गे ने बीजेप और आरएसएस पर जहर के समान होने का आरोप लगाते हुए लोगों से उनसे दूर रहने की भी अपील की। उधर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए में वापसी को खारिज करने का दावा करते हुए कहा है कि इसका चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। एक भी व्यक्ति के महागठबंधन छोड़ने से हम कमजोर नहीं होंगे। उन्होंने कहा, हम बीजेपी को हराएंगे।

## एक नज़र

### रीजनल हाई स्कूल, गुनायिवली में न्यू-ओ साहित्यिक प्रतियोगिता

**मनोरंजन सासमल , स्टेट हेड ओड़िशा**



**भुबनेस्र्व।** रीजनल हायर सेकेंडरी स्कूल में 18-1-24 से आयोजित नुआ और उड़िया साहित्य प्रतियोगिता के कार्यक्रम में 29-1-24 दिवस पर छात्रों के बीच रंगोली (मुरुज), लोक नृत्य और ओड़िया खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। ढेंकनाल् जिले के कामाक्षानगर ब्लॉक गुनेइबील मे उक्त कार्यक्रम स्कूल के अध्यक्ष शिशिर कुमार राउत, कार्यक्रम प्रोफेसर सिद्धार्थ शंकर मोहंती और प्रोफेसर ब्रह्मानंद दास की प्रत्यक्ष देखरेख में आयोजित किया गया था। अनिल कुमार स्वाइन, पिति प्रहलाद कुमार राउत ने सहायता की।

### जिलाधिकारी नितीश कुमार ने दिया निर्देश

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद में अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत 03 फरवरी तक समस्त बोर्ड के कक्षाङ्क12 तक के विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक किया। इसी के साथ ही विद्यालय के संचालन के उक्त निर्धारित समय में भी ठंड से बचाव हेतु संबन्धित को आवश्यक प्रबंध करने के भी आदेश दिए।

### अयोध्या पुलिस को मिली सफलता

**अयोध्या।** नेपाल से कानपुर जा रही चरस रामनगरी में पकड़ी गई,, जनपद की पूराकलंदर पुलिस ने रैथुवा मोड़ के पास चार चरस तस्करों को किया गिरफ्तार, गिरफ्तार तस्कर कानपुर नगर व कानपुर देहात के, एक तस्कर को तलाश कर रही पुलिस, गिरफ्तार तस्करों के पास से साढे सोलह किलो चरस बरामद, इंटरनेशनल मार्केट में बरामद की गई चरस की कीमत 35 से 40 लाख रुपए।

### सम्मान मिलने पर खुशी जताई

**अयोध्या।** बीकापुर पशु चिकित्सा केंद्र से संबंधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अंतर्गत कार्यरत अमरेंद्र कुमार सिंह को उत्कृष्ट कार्यो हेतु पशुधन विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार एवं राष्ट्रीय गोकुल मिशन भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री सिंह को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन विकास मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। श्री सिंह के सम्मानित होने पर क्षेत्र वासियो में खुशी की लहर है।

### अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया जायजा



**अयोध्या।** माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आज जनपद अयोध्या में आगमन हुआ। सर्वप्रथम राजकीय विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे और वहां से सड़क मार्ग से श्री हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन पूजन किया जहां पर हनुमानगढ़ी के पूज्य महंत श्री बलराम दास,राजू दास,हेमंत दास ,एवम अन्य गणमान्य संत जनों ने उनका स्वागत किया।अगले चरण में मा0 मुख्यमंत्री जी श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर दर्शन किया।जहां पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पुजारी महंत श्री सतेंद्र दास,महासचिव श्री चंपत राय,डॉ अनिल मिश्र,गोपाल राव सहित अन्य द्वारा स्वागत किया गया। तदुपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर के विभिन्न स्थलों,परिसर और दर्शन मार्गो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान श्री राम जन्मभूमि आने वाले दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मण्डलायुक्त श्री गौरव दयाल द्वारा दर्शनार्थियो के सुलभ दर्शन हेतु किये गए प्रबंधों के सम्बंध में अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव गृह श्री संजय प्रसाद स्पेशल डीजी श्री प्रशांत कुमार,ए0डी0जी0जोन श्री पीयूष मोर्डिया,ए0डी0जी0सुरक्षा श्री रघुवीर लाल,आई जी श्री प्रवीण कुमार,जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार,मा0 विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता,मेयर श्री गिरीश पति त्रिपाठी,नगर आयुक्त श्री विशाल सिंह, एस0पी0 सुरक्षा श्री पंकज पांडेय, सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे। अंत मे मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रशासन व ट्रस्ट द्वारा आगामी दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टगत तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक मंदिर परिसर के कंट्रोल रूम में कर सभी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके पश्चात मा0 मुख्यमंत्री जी अयोध्या एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हुए।

## अध्यक्ष पद पर रामकुमार सिंह को मिली जीत



**संवाददाता**

**अयोध्या।** क्षत्रिय बोर्डिंग सोसायटी, जनपद अयोध्या का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। कुल सदस्य संख्या 344 में से 302 मत पड़े। अध्यक्ष पद पर श्री रामकुमार सिंह( होटल त्रिमूर्ति) 184 मत पाकर अपने निकटतम प्रत्याशी श्री नरसिंह नारायण सिंह से 66 वोटों से विजयी रहे। दो उपाध्यक्ष पद पर क्रमशः श्री रामकुमार सिंह राजू 146 मत,श्री चक्रवर्ती सिंह 140 मत पाकर विजयी हुए। महामंत्री पद पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद, अयोध्या के महानगर उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह 232 मत पाकर अपने निकटतम प्रत्याशी श्री विजयबहादुर सिंह से 165 मतों से विजयी हुए। संयुक्त मंत्री पद पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद, अयोध्या के जिला सचिव श्री सुरेश कुमार सिंह 151 मत पाकर निकटतम प्रत्याशी श्री रमेश कुमार सिंह से 3 मत से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष पद पर श्री सुधीर कुमार सिंह 153 मत पाकर निकटतम प्रत्याशी श्री इंद्रकुमार सिंह से 7 वोट से विजयी हुए। ऑडिटर पद पर श्री अभिषेक सिंह 177 वोट पाकर निकटतम प्रत्याशी श्री गुरुदत्त सिंह से 52 वोटों से विजयी हुए। 15 कार्यकारिणी सदस्यों में श्री अमित कुमार सिंह 237 मत,श्री आदित्य विक्रम सिंह 210,श्री गजेंद्र सिंह 209,श्री अजय सिंह194,श्री अक्षय प्रताप सिंह 188, कल्याण परिषद अयोध्या के जिला उपाध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह बीकापुर 184,डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह 183,कल्याण परिषद, अयोध्या के श्री दिनेश कुमार सिंह 182,श्री रणविजय सिंह 180,श्री महेंद्र प्रताप सिंह 174,श्री इन्द्रप्रताप सिंह 174,श्री राज कपूर सिंह 166,श्री भानु प्रताप सिंह 163,श्री धर्मेन्द्र सिंह 156,श्री सूर्यनारायण सिंह 156 मत पाकर विजयी हुए।

## सचल दल की तलाशी में एक छात्रा नकल करते धरी गई

## अविवि की विषम सेमेस्टर परीक्षा में 76362 परीक्षार्थी शामिल रहे

**संवाददाता**



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में 76 हजार 362 परीक्षार्थी शामिल रहे। वहीं 1935 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के सचलदल द्वारा प्रथम पाली में ढोड़े राम पीजी कालेज, सेवरा अयोध्या में एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ी गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विवि की तीनों पालियों की विषम सेमेस्टर परीक्षा में 76 हजार 362 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1935 अनुपस्थित रहे। वहीं प्रथम पाली में ढोड़े राम पीजी कालेज, सेवरा अयोध्या में सचलदल की तलाशी में एक छात्रा धरी गई। विश्वविद्यालय की प्रथम पाली में 35017, द्वितीय पाली में 40586 व तृतीय पाली में 759 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे। वही क्रमशः 1301, 632 व 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ्ग से सम्पन्न हुई। जिसमें 22056 छात्र व 54306 छात्राएं शामिल रही।

# बिहार में कांग्रेस जैसा होगा BJP का भी हाल, चुकाएगी बड़ी कीमत नीतीश के NDA में जाने पर बोले प्रशांत किशोर

- ❖ बीजेपी को चुकानी होगी नीतीश को अपने पाले में करने की कीमत़ प्रशांत किशोर।
- ❖ कांग्रेस जैसा होगा बीजेपी का भी हाल, विधानसभा चुनाव में चुकाएगी बड़ी कीमत़ पीके।
- ❖ कांग्रेस ने 10-15 सांसदों के लिए लालू के हाथ बिहार को बेचा़ प्रशांत किशोर।

**संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार में महागठबंधन का साथ छोड़कर नीतीश कुमार बीजेपी के साथ चले गए हैं। फिर एनडीए के सहयोग ने नीतीश कुमार 9वीं बार सीएम बन गए। अब नीतीश कुमार को लेकर प्रशांति किशोर ने बीजेपी पर हमला बोला। प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि बीजेपी का बिहार में वही हश्र होगा जो कांग्रेस का हुआ। आइए जानते हैं क्यों प्रशांत किशोर ने बीजेपी को लेकर बड़ा बयान दिया है जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति को लेकर एक और बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी को आगामी विधानसभा चुनाव में इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि इस नए गठबंधन से जनता दल यूनाइटेड और नीतीश कुमार को तो फायदा होगा, लेकिन बीजेपी को 2025 के विधानसभा चुनाव में इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रशांत किशोर का कहना है कि बीजेपी ने एक बार फिर से नीतीश कुमार को बिहार की जनता पर थोपा है। प्रशांत किशोर ने दावे के साथ




कहा कि बिहार में बीजेपी का भी वही हाल होगा, जो कांग्रेस का हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बीजेपी बार-बार मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार को बिहार की जनता पर थोप रही है। इसके चलते बीजेपी का हश्र वैसा ही होगा, जैसा बिहार में कांग्रेस का हुआ है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने आरोप लगाते हुए कहा कि %कांग्रेस ने जिस तरह चंद सांसदों के लिए बिहार को लालू यादव के हाथ बेचा था। वही काम आज बीजेपी कर रही है। कांग्रेस को भी इस बात की चिंता नहीं थी कि बिहार का क्या होगा। कांग्रेस को बस इस बात की चिंता थी कि 10, 15, 20 सांसद बिहार से जीत कर आते रहें। यही हाल आज बीजेपी के लीडरशिप का है। उन्हें बस इसकी चिंता है कि बिहार से 30-35 सांसद जीतकर आते रहें। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाते हुए कहा कि 10, 15, 20 सांसदों के लालच में कांग्रेस ने लालू को खुली छूट दे रही थी। न कांग्रेस को बिहार के विकास की कोई चिंता थी, और न ही कांग्रेस को। लालू यादव बिहार को लूटकर बर्बाद कर रहे थे। लेकिन सोनिया गांधी को कोई परवाह नहीं थी। उन्हें बस इस बात की चिंता थी कि बिहार के कांग्रेस के कुछ सांसद जीतकर लोकसभा आते रहें। आज यही हाल बीजेपी का भी है। बीजेपी और जदयू के गठबंधन से नाराज प्रशांत किशोर ने %भविष्यवाणी% करते हुए कहा कि बीजेपी के समर्थकों के पास आज कोई जवाब नहीं है। वह लोगों के बीच क्या जवाब दें? प्रशांत किशोर ने कहा कि 2020 में भी बीजेपी ने नीतीश कुमार को बिहार पर थोपा। तब आपके पास 75 एमएलए थे। जदयू के पास 45 एमएलए थे। तब भी बीजेपी ने अपना मुख्यमंत्री नहीं बनाया। और अब बिहार पर एक बार फिर से नीतीश कुमार को थोप दिया। प्रशांत किशोर ने कहा कि उसके बाद भी नीतीश कुमार भागे तो अपने नीतीश कुमार को धोखेबाज कहा। अब फिर उन्हें अपने साथ कर लिया। ऐसे में क्ष्छ्क्के कार्यकर्ताओं के पास जनता को देने के लिए कोई जवाब नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार आगामी लोकसभा चुनाव के नजरिए से बीजेपी के साथ भागे हैं। उन्हें बीजेपी के नाम पर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लहर में कुछ सीट मिल जाएंगी। महागठबंधन के साथ होते तो पांच सीट भी जीत पाना उनके लिए मुश्किल था। प्रशांत किशोर ने कहा कि %मैं लगातार इस बात को कैमरे पर कह रहा हूं कि नीतीश कुमार महागठबंधन के साथ चुनाव लड़ते तो उन्हें पता था कि क्या होना है।

## युवा कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**संवाददाता**



**अयोध्या।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संचालित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण मिनी स्टेडियम पूरा बाज़ार में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद जैसी स्वास्थ्यवर्धक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अमानीगंज विकासखंड के महारानी सुखमता उ? मा? विद्यालय की छात्राओं अंतिमा शर्मा ने 400मी दौड़ में प्रथम स्थान समरीन बानों ने 100मी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं यशी मिश्रा ने 200मी दौड़ में तृतीय स्थान पर क़ब्ज़ा जमाया।विद्यालय की समरीन और साक्षी रावत ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं हिमांशी ने तृतीय स्थान पर अपना क़ब्जा जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक सदर श्री वेद प्रकाश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि श्री कृष्ण कुमार पांडेय ज़िला उपाध्यक्ष भाजपा रहे।कार्यक्रम के अंत में माननीय विधायक जी ने विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व शील्ड/मेडल देकर पुरस्कृत किया साथ ही उनके जोश और खेल भावना की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी श्री मयंक पटेल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री मनोहर उपाध्याय, श्री उमानाथ शुक्ला प्रधानाचार्य, श्री राहुल पाठक, श्री अमन वर्मा एवं व्यायाम प्रशिक्षिका श्रीमती अनीता श्रीवास्तव एवं प्रांतीय रक्षक दल के जवान श्री महेंद्र, श्री अमरेंद्र, राकेश, श्याम सुन्दर, ओमकार, राजेश मौर्या, सीमा एवं भाग्यवती सहायतार्थ उपस्थित रहे, कार्यक्रम के सकुशल समापन की घोषणा कार्यक्रम प्रभारी अरविंद कुमार ने राष्ट्रगान के साथ की।

## रामकथा पार्क अयोध्या में रामलीला का अनवरत मंचन जारी



**संवाददाता**

**अयोध्या।** रामोत्सव के आनंद में डूबी अयोध्या में ÷रामकथा पार्क÷ में गीत,संगीत,नृत्य के माध्यम से प्रभु श्रीराम जी की आराधना के स्वर सरयू किनारे गूंज रहे है। 28 जनवरी को सबसे पहले गुजरात से आए कलाकारों ने मिश्रित रास नृत्य के माध्यम से रामजी के बालरूप की आराधना करते हुए प्रस्तुति दी।इसके बाद उन्होंने गुजरात के पारंपरिक लोक नृत्यों की मिश्रित प्रस्तुति दी जिसके बोलो पर आनंदित दर्शक तालियों से साथ दे रहे थे। अंतरराष्ट्रीय रामलीला की श्रृंखला में ÷लाओस÷ देश से आए कलाकारों ने भगवान राम की जीवन के उस प्रसंग को प्रस्तुत किया जहां से दशानन के अधर्म का सर्वनाश आरंभ होता है। वन में मारीच का स्वर्ण मृग बनकर आना और लक्ष्मण रेखा छल से पर कराकर सीता के हरण का दृश्य बेहद प्रभावी था। जटायु से रावण का युद्ध करते समय कलाकारो का हवा में उछल कर युद्ध का रोमांचक अभिनय सभी को हतप्रभ कर गया। लाओस के कलाकारो की नृत्य नाटिका में देह संचालन और भाव भंगिमा ने लोगो को मुग्ध कर दिया। अगली प्रस्तुति महाराष्ट्र के लोक कलाकारों की थी,जिन्होंने अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों जिसमे ÷पावरी÷ और ढोल शामिल थे,से राम का जयगान करते हुए नृत्य किया।इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु,भक्तो के साथ संतजन उपस्थित थे।कार्यक्रमों का संचालन देश दीपक मिश्र ने किया।

# क्या है ERCP विवाद, जिसे लेकर 20 साल से जूझ रहे राजस्थान - मध्यप्रदेश

संवाददाता




**जयपुर।** ईआरसीपी परियोजना के बंटवारे को लेकर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच विवाद था। राजस्थान 75त्न वाटर डिपेंडेबिलिटी पर अड़ा था, जबकि मध्यप्रदेश 50-50त्न मांग कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने संशोधित प्रोजेक्ट पर हुए समझौते में दोनों नदी परियोजनाओं को जोड़ने का कहा। इस प्रोजेक्ट से राजस्थान और मध्यप्रदेश के 13 जिलों को पानी उपलब्ध होगा। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच पानी के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद था। राजस्थान सरकार 75 फीसदी पानी की डिपेंडेबिलिटी पर अड़ा था जबकि मध्यप्रदेश 50-50 फीसदी वाटर डिपेंडेबिलिटी की मांग कर रहा था। 75 प्रतिशत वाटर डिपेंडेबिलिटी पर अड़ा राजस्थान इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की मांग कर रहा था ताकि इनके निर्माण की 90 फीसदी लागत केंद्र सरकार वहन कर सके। पिछले 5 साल में ना तो दोनों राज्यों के बीच पानी के बंटवारे पर सहमति बनी और ना ही केंद्र सरकार ने इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया। फरवरी 2022 में जब पीएम मोदी दौसा दौरे पर आए थे। तब उन्होंने कहा था कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना और पार्वती कालीसिंध चंबल को जोड़ते हुए राजस्थान और मध्यप्रदेश मिलकर बात करे। इसके बाद ईआरसीपी में संशोधन किया गया। इस सिंगल प्रोजेक्ट से नदी जोड़ो योजना के तहत पार्वती कालीसिंध चंबल योजना को भी मर्ज किया गया। अब दोनों प्रोजेक्ट को मिलाकर एक प्रोजेक्ट बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट पर केंद्र की मंजूरी के बाद अब केवल राजस्थान नहीं बल्कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के 13-13 जिलों को पानी के पानी और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। पहले एक राज्य को पूरा फायदा मिलने वाला था जबकि संशोधित प्रोजेक्ट के बाद दोनों राज्यों को बड़ा फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने बाद अब इस प्रोजेक्ट की 90 फीसदी लागत का भुगतान केंद्र सरकार करेगी। इस प्रोजेक्ट को केंद्रीय की मंजूरी मिलने के बाद राजस्थान की 2.80 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का पानी मिल सकेगा। पहले 80 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित क्षेत्र थी जबकि अब 2 लाख नया क्षेत्र जुड़े जाएगा। इससे प्रदेश के 25 लाख किसान परिवारों को सिंचाई का पानी मिल सकेगा। प्रदेश की 40 फीसदी आबादी को पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। इस प्रोजेक्ट से मिलने वाले पानी से 32 बांध भरे जा सकेंगे। इनमें जयपुर का रामगढ बैराज, महलपुर बैराज, नवनैरा बैराज, मेज बैराज, राठौड़ बैराज, डूंगरी बांध और पूर्वनिर्मित 26 बांधी को जीर्णोद्धार हो सकेगा। राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच पानी के बंटवारे का विवाद पिछले 20 साल से चल रहा था। साल भर पहले केंद्र सरकार ने पार्वती कालीसिंध चंबल परियोजना को ईआरसीपी से जोड़ने का प्रस्ताव को प्राथमिकता दी थी लेकिन प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार इसके समर्थन में नहीं थी। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद इस पर तेजी से काम हुआ। रविवार दोपहर को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जयपुर आए। उन्होंने राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। दोपहर बाद दोनों मुख्यमंत्री दिल्ली गए और रात आठ बजे संशोधित प्रोजेक्ट पर एमओयू साइन हो गए। इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई और 20 साल से चल रहा विवाद सुलझ गया।

# भारत के 30 कालेजों के छात्र एक मंच पर जुटे, जरूरतमंदों की मदद का दिया संदेश

एजेंसी




**इंदौर।** भोपाल में हुए कार्यक्रम में इंदौर समेत देशभर के छात्रों ने दी प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ शैक्षणिक विषयों पर भी हुई सार्थक चर्चा। सासाकावा-इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन (एस-आईएलएफ) ने भोपाल के एक निजी कालेज में अपने 11वें यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया। इस जीवंत कार्यक्रम में इंदौर समेत पूरे भारत के 30 कॉलेजों के 160 छात्रों ने भागीदारी की और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, उत्सव और जागरूकता के लिए एक मंच तैयार किया। यूथ फेस्टिवल का अनूठा पहलू विविध पृष्ठभूमि से आए छात्रों की भागीदारी थी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों में से आधे लोग कुष्ठ रोग कॉलोनियों से थे। कुष्ठ रोग कॉलोनियों के इन युवाओं को एस-आईएलएफ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से समर्थन देता है। कार्यक्रम में शामिल अन्य आधे युवा विभिन्न कॉलेजों से आए थे जहां एस-आईएलएफ कुष्ठ रोग पर संवेदीकरण कार्यशालाएं आयोजित करता है। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल रहीं और युवा प्रतिभाओं को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख प्रतिष्ठित हस्तियों - तरूण दास, पूर्व महानिदेशक, सीआईआई एवं एस-आईएलएफ के अध्यक्ष एस. महालिंगम, पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) एवं कार्यकारी निदेशक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और प्रवीण ठकराल ने विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए अगली पीढ़ी के लीडर्स को प्रेरणा प्रदान की। 26 से 29 जनवरी तक आयोजित इस चार दिवसीय सांस्कृतिक समारोह में लोक नृत्यों और थिएटर प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मार्मिक सामाजिक संदेश दिए गए। ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजीज ने विविधता और प्रतिभा प्रदर्शन के इस उत्सव के लिए सही पृष्ठभूमि प्रदान की। इस ग्रैंड फिनाले को लगभग 900 दर्शकों ने देखा, जिसमें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और यंग इंडियंस (वाईआई) के गणमान्य व्यक्तियों, कुष्ठ रोग कॉलोनियों के लोगों के साथ-साथ ओआईएसटी के फैकल्टी और छात्र भी शामिल थे। एकता, समझ और सांस्कृतिक प्रशंसा के माहौल को प्रोत्साहन देने में युवाओं का यह जश्न सफल रहा।

# एक नज़र

## राज्यसभा की पांच सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव, विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस का गणित गड़बड़ाया



**भोपाल।** भारत चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश की पांच सीटों समेत देशभर की राज्यसभा की खाली हो रही सीटों के लिए चुनाव की तारीख का एलान कर दिया है। राज्यसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होंगे। मध्य प्रदेश की राज्यसभा की पांच सीटें अप्रैल 2024 में खाली हो रही है। भारत चुनाव आयोग ने प्रदेश की पांच समेत देशभर की 56 सीटों पर चुनाव के लिए तारीख का एलान कर दिया है। राज्यसभा के चुनाव 27 फरवरी को होंगे। इसी दिन मतगणना भी होगी। विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेस का गणित गड़बड़ा गया है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को 163 और कांग्रेस को 66 सीटें मिली है। पिछली बार से कांग्रेस की सीटें कम हुई है। जिसका सीधा असर राज्यसभा चुनाव पर दिखेगा। जिस दल की संख्या विधानसभा में अधिक होगी, उसके उतने उम्मीदवार चुनाव जीतेंगे। प्रदेश की खाली हो रही पांच सीटों के लिए अप्रैल 2018 में मतदान हुआ था। उस समय भी भाजपा ही बहुमत में थी। भाजपा से अजय प्रताप सिंह, कैलाश सोनी, धर्मेंद्र प्रधान और थावरचंद्र गेहलोत चुने गए। एक सीट पर कांग्रेस के राजमणि पटेल चुने गए। सितंबर 2021 में थावरचंद गेहलोत के त्यागपत्र देने से रिक्त सीट पर भाजपा के ही डॉ. एल मुरूगन चुन लिए गए। इन सभी का कार्यकाल दो अप्रैल को समाप्त हो रहा है। जिसके लिए आयोग 27 फरवरी को चुनाव कराएंगा। प्रदेश में कुल 230 विधानसभा सीटें है। पांच सीटों के लिए चुनाव होना है। चुनाव के लिए तय फार्मूले के अनुसार 39 विधायक एक सदस्य का चुनाव करेंगे। अभी भाजपा के पास 163 विधायक है। इससे साफ है कि भाजपा को चार सीटें अभी भी मिल जाएगी। वहीं, कांग्रेस के पास 66 विधायक है, उसे एक सीट ही मिल पाएगी। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की 11 सीटें है। इनमें से आठ पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, तीन पर कांग्रेस उम्मीदवार काबिज है। भाजपा की तरफ से राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, सुमित्रा वाल्मिकी, कविता पाटीदार, सुमेर सिंह सोलंकी है। सुमर सिंह सोलंकी का कार्यकाल 2026, कविता पाटीदार और सुमित्रा वाल्मिकी का कार्यकाल 2028 तक है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा और राजमणि पटेल है। पटेल का कार्यकाल अप्रैल 2024 में समाप्त हो रहा है। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 2026 और विवेक तन्खा का कार्यकाल 2028 तक है।

## पूर्व सीएम कमलनाथ बोले-यूजीसी का ड्राफ्ट खतरनाक, भाजपा का आरक्षण विरोधी चेहरा आ रहा सामने



**भोपाल।** पूर्व सीएम कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाया है। कमलनाथ ने कहा कि भाजपा का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आते जा रहा है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का आरक्षण विरोधी चेहरा अब खुलकर सामने आता जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जिस तरह से विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त करने के लिए ड्राफ्ट तैयार किया है। वह अत्यंत खतरनाक प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि इस ड्राफ्ट में कहा गया है कि अगर उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से योग्य उम्मीदवार नहीं मिलते है तो आरक्षित सीटों को अनारक्षित कर दिया जाए। यह आरक्षण समाप्त करने की स्पष्ट साजिश है। कमलनाथ ने कहा कि यह पहली बार नहीं हो रहा जब भारतीय जनता पार्टी समाज के कमजोर तबके से आरक्षण छीनना चाहती है। इससे पहले मध्य प्रदेश में मेरी सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जिसे भाजपा की सरकार ने षड्यंत्रपूर्वक समाप्त हो जाने दिया। पूर्व सीएम ने कहा कि मोदी सरकार इसीलिए जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक नहीं कर रही है कि समाज के वंचित वर्ग को उसका अधिकार न देना पड़े। लेकिन कांग्रेस पार्टी भाजपा के मंसूबे सफल नहीं होने देगी और हर स्तर पर दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और सर्व समाज की लड़ाई लड़ती रहेगी।

## किशोर से कुकर्म करने के दोषी को उम्रकैद, 11.42 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**सोनीपत (हरियाणा)।** अदालत ने दोषी पर 11.42 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले में तीन नाबालिग को भी काबू किया गया था। खरखौदा थाना पुलिस ने किशोर के पिता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया था। हरियाणा के सोनीपत में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने किशोर से कुकर्म करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार दिया है। दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मामले में तीन नाबालिग पर भी मुकदमा दर्ज किया था। उनका मामला जुवेनाइल कोर्ट में भेजा गया था। दोषी करार दिए गए युवक पर 11.42 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

# बचपन की दोस्त से फ्रॉड, प्राइवेट फोटो-वीडियो दिखा प्रेमी ने वसूले 40 लाख, प्रेमिका की मुंबई पुलिस से गुहार

एजेंसी




**नासिक (महाराष्ट्र)।** नासिक के एक बेरोजगार व्यक्ति अपनी बचपन की दोस्त को कथित तौर पर धमकाया और करीब 40 लाख रुपए उससे वसूल कर फरार हो गया। पीड़ित महिला पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर और गुजरात में एक अच्छी नौकरी करती है। उसने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र के नासिक में धोखाधड़ी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेरोजगार व्यक्ति ने अपनी बचपन की दोस्त को कथित तौर पर धमकाया और करीब 40 लाख रुपए उससे वसूल कर फरार हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएसपी का कहना है कि पुलिस टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। उसका वर्तमान ठिकाना पता नहीं है लेकिन पुलिस को संदेह है कि वह राज्य में ही कहीं छिपा हो सकता है। मुंबईनाका पुलिस स्टेशन के अनुसार, बेरोजगार युवक की पहचान अभिजीत एन अहिरे के रूप में हुई है, जो लड़की का पड़ोसी हुआ करता था और 31 साल की महिला से स्कूल के ही दिनों से परिचित था। बाद में दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदल गई। महिला बाद में कंप्यूटर इंजीनियर बन गई और फिर गुजरात में एक अच्छी नौकरी करने लगी, लेकिन अभिजीत का कुछ नहीं हुआ। अपने पिछले रिश्ते और अफेयर का हवाला देते हुए अभिजीत ने बहाने बनाकर महिला से पैसे ऐंठना शुरू कर दिया और वह पांच साल से अधिक समय तक उसे पैसे देती रही। जब उसने इनकार कर दिया, तो अहिरे ने कथित तौर पर उसे अपनी अंतरंग तस्वीरें और वीडियो दिखाए और धमकी दी कि अगर वह उसकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में विफल रही तो वह उसे अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के सामने बेनकाब कर देगा। जांच अधिकारी पंकज सोनावणे ने कहा कि जाहिर तौर पर उसकी मांगों से तंग आकर और उसकी धमकियों से डरकर महिला ने शनिवार को मुंबईनाका पुलिस स्टेशन में आकर शिकायत दर्ज कराने का साहस जुटाया। सोनवणे ने बताया कि आरोपी व्यक्ति ने कथित तौर पर दावा किया था कि वह खाड़ी देश में कहीं काम कर रहा था। उसने अपने पुराने रिश्ते का फायदा उठाकर महिला से पैसे लिए। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक युवराज पाटकी ने कहा कि पुलिस टीमें आरोपी अभिजीत की तलाश कर रही हैं। उसका वर्तमान ठिकाना पता नहीं है। लेकिन पुलिस को संदेह है कि वह राज्य में ही कहीं छिपा हो सकता है।

# करंट लगने से पांच भैंसों की मौत, जंगली जानवरों के लिए बिछाई गई थी करंटयुक्त तार



एजेंसी

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाई गई करंट की चपेट में आने से पांच भैंसों की मौत हो गई। मामला अमरकंटक वन एरिया का है। अनूपपुर में वन परिक्षेत्र अमरकंटक अंतर्गत जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट की चपेट में आने से पांच भैंसों की मौत हो गई। मामले के संबंध में बताया गया कि नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड क्रमांक एक में जंगलों से लगे हुए आमाखोली डैम में अमरलाल यादव की भैंस पानी पीने के लिए गई हुई थी। जहां जलेश्वर निवासी तुलसी यादव के द्वारा अमरलाल यादव को सूचना देते हुए बताया गया कि उनकी पांच भैंस की मौत जंगल में करंट की चपेट में आने से हो गई है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग छह सौ मीटर से ज्यादा दूर तक बिजली के खंभे से जीआई तार द्वारा करंट फैलाकर घटना को अंजाम दिया गया। इसी क्षेत्र के आसपास कुछ वर्ष पहले भी करंट से भालू की भी मौत हुई थी, जिसे फॉरेस्ट विभाग द्वारा कार्रवाई कर अपराधियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। मवेशी मालिक अमरलाल यादव ने वन परिक्षेत्राधिकारी वन परिक्षेत्र अमरकंटक, थाना अमरकंटक, नगर परिषद अमरकंटक और बिजली विभाग कार्यालय को भी इस घटना की जानकारी दी है। इस मामले पर प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी रमेश सिंह पाटले ने कहा कि मौका स्थल का मुआयना कर जांच में लिया गया है, जिस पर कार्रवाई की जाएगी।

# मोहम्मद फैसल कॉर्पोरेट क्रिकेट का जगमगाता सितारा



संवाददाता

**लखनऊ।** कॉर्पोरेट क्रिकेट का जगमगाता सितारा मोहम्मद फैसल 42 साल की उम्र में युवा खिलाड़ियों की तरह चुस्त दुरुस्त क्षेत्र रक्षण और लाजवाब बल्लेबाजी करते हैं मोहम्मद फैसल की स्विंग गेंदबाजी के आगे अच्छे-अच्छे बल्लेबाज घुटने टेक देते हैं मोहम्मद फैसल एक लंबे समय से कॉर्पोरेट क्रिकेट का हिस्सा बने हुए हैं मोहम्मद फैसल ने अब तक 371 मैच में 339 ईनिंग में बल्लेबाजी की है उन्होंने 339 ईनिंग में 7840 रन बनाए हैं जिसमें उन्होंने दो बार शतक लगाया है। कॉर्पोरेट क्रिकेट में 51 अर्धशतक उनके नाम है। उन्होंने 260 मैचो में गेंदबाजी की है जिसमें उन्होंने उन्होंने 5260 रन देकर 260 विकेट हासिल किए हैं।

## ठग ने पुलिस अधिकारी बन व्यक्ति से 2.64 लाख रुपये ठगे

एजेंसी

**चरखी दादरी।** ठग ने पुलिस अधिकारी बनकर जेवली निवासी एक व्यक्ति से 2.46 लाख रुपये ठग लिया। ठग ने व्यक्ति को महिला द्वारा की गई अश्लील वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल किया। दादरी साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रमन कुमार ने बताया कि गत 23 जनवरी को उसके पिता जसबीर के पास एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल में एक नग्न लड़की थी और उसके पिता के कॉल रिसीव करते ही लड़की के सहयोगियों ने वह अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर ली। 24 जनवरी को उसके पिता के व्हाट्सएप नंबर पर वह रिकॉर्डिंग भेजी गई।

# संकट चौथ पर कैसा रहेगा मौसम, कब निकलेगा चांद

## कैसे करें पूजा

संवाददाता




**जयपुर।** 29 जनवरी को महिलाओं के लिए दिन खास है। इस दिन संकट चौथ का त्योहार है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं और रात को चंद्रोदय के बाद व्रत खोलती हैं। इसके लिए पूजा अर्चना का सर्वोत्तम समय सुबह 7 बजकर 11 मिनट से लेकर 8 बजकर 32 मिनट तक है। महिलाओं के लिए साल का बड़ा त्योहार सोमवार 29 जनवरी को आ रहा है। इस पर्व का नाम है संकट चौथ। महिलाओं की ओर से अपनी संतानों को संकट से बचाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए यह त्योहार मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं भगवान श्री गणेश जी को प्रसन्न करने के लिए दिन में निर्जला व्रत करती है और रात को चंद्रोदय के बाद व्रत खोलती है। महिलाओं के हर त्योहार बड़ा महत्वपूर्ण होता है। वे अपने पति, परिवार और बच्चों की सुरक्षा के लिए सालभर देवी देवताओं के व्रत करती रहती है। सोमवार को सकट चौथ के व्रत का भी महिलाओं को बेसब्री से इंतजार रहता है। दिन में सजधज कर अपने इष्टदेव को याद करते हुए व्रत करती है। जयपुर में रात्रि 9 बजकर 17 मिनट पर चंद्रोदय होगा। चंद्रोदय के बाद चांद को अर्क देकर महिलाएं व्रत खोलेंगी। संकट चौथ के दिन महिलाएं दिन में भगवान गणेश और अपने इष्टदेव को याद करते हुए पूजा अर्चना करेगी। पूजा का सर्वोत्तम यानी अमृतकाल सुबह 7 बजकर 11 मिनट से लेकर 8 बजकर 32 मिनट तक है। उत्तम यानी शुभ समय सुबह 9 बजकर 43 मिनट से 11 बजकर 14 मिनट तक है जबकि शाम को शुभ मुहूर्त 7 बजकर 37 मिनट का है। इसके बाद रात्रि 9 बजकर 17 मिनट पर चंद्रोदय होगा।

# NDA सरकार में नियंत्रण के चक्रव्यूह में फंसे नीतीश, कंट्रोल पैनल हाथ में रखने के लिए क्क्ष्ठक्कका बड़ा खेल, जानिए पूरी कहानी

एजेंसी




**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए इस बार एनडीए की सरकार चलाना आसान नहीं होगा। बीजेपी ने इस बार सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा जैसे दो ऐस तेज नेताओं को डेप्युटी सीएम बनाया है, जो शायद ही कभी नीतीश कुमार को आउट ऑफ कंट्रोल होने दें। दोनों डेप्युटी सीएम कद्दावर नेता हैं और काफी सक्रिय रहते हैं। बिहार में डबल इंजन की सरकार चल पड़ी है, राज्य में फिर से नीतीशे सरकार है, पर इस बार डबल इंजन की सरकार में समान पावर के इंजन लगे हैं। एनडीए की यह सरकार न तो 2005 या कि 2010 या फिर साल 2017 वाली एनडीए सरकार कतई नहीं होने जा रही है। इस बार सीएम नीतीश कुमार के सारे दाव पेंच को दुरुस्त करने के इंतजाम बीजेपी ने एनडीए सरकार की नींव डालते ही कर दिया है। जानिए क्या है बीजेपी की रणनीति। इस बार हमेशा की तरह बीजेपी के रणनीतिकारों ने सॉफ्ट नेताओं को डेप्युटी सीएम की जिम्मेदारी नहीं दी। 2005 में राज्य के डेप्युटी सीएम बने सुशील मोदी। नीतीश कुमार की पसंदीदा नेताओं में से एक रहे। डबल इंजन की सरकार अपनी गति से चल रही थी। लेकिन बाद में बीजेपी के भीतर से ही सुशील मोदी का विरोध इसलिए शुरू हो गया कि उन्हें नीतीश कुमार की हितों का रक्षक नेता माना जाने लगा। वैसे भी नीतीश कुमार या सुशील मोदी अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के पसंदीदा नेताओं में शुमार किए जाते रहे। लेकिन देश में बीजेपी नेतृत्व के फलसफे पर भाजपा की राजनीति के सुर बदलने आगे। अटल आडवाणी को सॉफ्ट नेताओं के विरुद्ध नरेंद्र मोदी के हाथ भाजपा और देश का नेतृत्व आया। इस धरातल पर नरेंद्र मोदी के प्राथमिकता वाले नेताओं में न नीतीश कुमार थे और न ही सुशील मोदी। लेकिन 2017 में एनडीए की सरकार बनी तो रेणु देवी और तार किशोर प्रसाद को डेप्युटी सीएम बनाया गया। ये भी नीतीश कुमार के आगे प्रभावहीन ही रहे। इस बार भाजपा ने बड़ी सोच समझकर अनुभवी और तेज तर्रार नेताओं को सीएम नीतीश कुमार के अगल-बगल खड़ा किया है। याद होगा विधान सभा अध्यक्ष रहते विजय सिन्हा ने सीएम नीतीश कुमार से टकराहट भरी भाषा के साथ सवाल जवाब किया था। मसला लखीसराय का था। एक गिरफ्तारी को लेकर तब वे दोनों आमने-सामने हो गए थे। ये वही विजय सिन्हा हैं जिन्होंने नीतीश को मेंटल, बंधुआ मजदूर तक कहा था। सम्राट चौधरी हार्ड कोर नेता माने जाते हैं। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनते ही सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार को मेमोरी लॉस सीएम बताया। नीतीश को हमेशा कहते रहे हैं कि वो बिहार संभालने लायक नहीं हैं। वे डरपोक नेता हैं। यहां तक कि 2023 में सिर पर भगवा रंग का मुरेठा बांधते यह कसम भी खाई कि नीतीश कुमार के पद से हटने के बाद ही वह मुरैठ खोलेंगे। उधर, भाजपा ने नीतीश कुमार का इंतज़ाम सदन के बाहर भी कर दिया है। नरेंद्र मोदी के हनुमान चिराग पासवान ने खुलेआम कहा कि नीतीश कुमार से मेरी व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। पर नरेंद्र मोदी नीत नीतियों को वह फलीभूत होने नहीं देंगे तो उन्हें चिराग पासवान का विरोध झेलना होगा।

## खाटू की नगरी में मेरे श्याम का बसेरा भजन पर झूम उठे श्याम प्रेमी

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्याम प्रेमी परिवार की ओर से हरगोविंद नगर में 512वें श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार को कई तरह के पुष्पों से सजाया गया था। संकीर्तन में गायक गौरव शान और जतिन जिंदल ने श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। श्यामभक्त खा ले बाजरे की खिचड़ी श्याम आ जा हरियाणे मैं...,तू किरपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा....,मैंन्रै खाटू मैं बुला लै हो सांवरिया गिरधारी...और खाटू की नगरी में मेरे श्याम का बसेरा है सहित कई अन्य भजनों पर श्याम भक्त झूम उठे। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि भगवान खाटू श्याम हारे के सहारे हैं। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प शृंगार भक्तों को प्रदान किया गया।

# दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका


## जडेजा और राहुल हुए बाहर, सरफराज की एंट्री





मुंबई । बोर्ड ने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की निगरानी कर रही है। इसी के साथ चयन समिति ने इन दोनों के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने आवेश खान को लेकर भी बड़ी जानकारी दी है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को दो बड़े झटके लगे हैं। रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होकर दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी है। दूसरे टेस्ट की शुरुआत दो फरवरी से हो रही है। जडेजा को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, जबकि राहुल को क्वाड्रिसेप्स चोट की शिकायत है। बोर्ड ने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की निगरानी कर रही है। इसी के साथ चयन समिति ने इन दोनों के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। सुंदर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत-ए टीम का हिस्सा थे। अब इंडिया-ए में सुंदर के रिप्लेसमेंट के तौर पर सारांश जैन को शामिल किया गया है। इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच आखिरी मैच एक फरवरी से अहमदाबाद में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने यह भी बताया कि आवेश खान भले ही भारतीय टीम का हिस्सा हों, लेकिन वह रणजी ट्रॉफी में अपनी मध्य प्रदेश टीम के साथ यात्रा करते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर उन्हें स्क्वॉड में बुला लिया जाएगा। जडेजा और राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया के संकटमोचक के तौर पर उभरे थे। पहली पारी में राहुल ने 86 रन, जबकि जडेजा ने 87 रन बनाए थे। हालांकि, इन पारियों के बावजूद टीम इंडिया पहला टेस्ट हार गई थी। सरफराज पिछले कुछ सीजन में घरेलू क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट के लिए टीम चुनते वक्त उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। सरफराज ने 45 फर्स्ट क्लास मैचों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं। उन्होंने 14 शतक और 11 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें नाबाद 301 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। पिछले काफी समय से उनकी टीम में एंट्री की मांग की जा रही थी और अब यह मौका आ गया है। वहीं, सुंदर भारत के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैं। इसमें उन्होंने छह विकेट लिए हैं। 89 रन देकर तीन विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा सुंदर ने 66.25 की औसत से 265 रन भी बनाए हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 96 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। सुंदर 26 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 55 विकेट लिए। 87 रन देकर छह विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। वहीं, उन्होंने 31.91 की औसत से 1085 रन भी बनाए हैं। 159 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। 30 साल के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पहले भी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन अब तक अंतरराष्ट्रीय डेब्यू नहीं कर सके हैं। वह 68 फर्स्ट क्लास मैचों में 290 विकेट ले चुके हैं। 64 रन देकर आठ विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। इसके अलावा वह 27.11 की औसत से 2061 रन भी बना चुके हैं। 133 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो शतक और 12 अर्धशतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

# आश्रम की बबीता का ग्लैमरस अंदाज, इसलिए बाबा निराला भी फंस गए थे इनके चंगुल में



**नई दिल्ली।** साल 2020 में आई वेब सीरीज आश्रम बाबाओं के पाखंड और फरेब को उजागर करने वाली कहानी थी। वेब सीरीज ने लोगों को इसके प्रति जागरुक करने का काम किया। इस वेब सीरीज में बॉबी देओल मुख्य किरदार में नजर आए थे। जिन्हें खूब पसंद किया गया। तो वहीं सीरीज में अभिनेत्री त्रधा चौधरी भी अहम किरदार में थीं। सीरीज में भी त्रिधा चौधरी का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला था। तो वहीं असल जिंदगी में भी त्रिधा बेहद ग्लैमरस हैं।

त्रिधा चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी कई तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में त्रिधा ने अपनी एक तस्वीर सेयर की है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं। त्रिधा चौधरी की ये तस्वीर बी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। त्रिधा चौधरी ने ये तस्वीर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर की है। इस तस्वीर में त्रिधा ने पर्पल रंग की मोनोकिनी पहनी हुई है। एक चेयर पर बैठी हुई त्रिधा ब्रेकफास्ट कर रही हैं। उनके हाथ में न्यूज पेपर है वहीं आंखों में उन्होंने चश्मे पहने हुए हैं। त्रिधा ने तस्वीर में बालों में पर्पल रंग का ही तौलिया भी पहना हुआ है। त्रिधा का ये ग्लैमरस लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। त्रिधा की इस तस्वीर पर उनके फैंस कमेंट कर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि त्रिधा चौधरी अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस कई तस्वीरें सेयर कर चुकी हैं। जिनमें वो बिकिनी में या तो ग्लैमरस अवतार में नजर आी थीं। बात करें उनके वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस आश्रम वेब सीरीज के दोनों पार्ट में थीं। इसके बाद अभिनेत्री बंदिश बैंडिट्स में भी नजर आईं।

## रोमांचक मुकाबले में इंडियन क्रिकेट क्लब डालीगंज ने मीडिया ब्लैक कैप को पांच विकेट से पराजित किया

# मोहम्मद फैसल को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया



मीडिया ब्लैक कैप नें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 88 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन क्रिकेट क्लब डालीगंज में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया मीडिया ब्लैक कैप की शुरुआत काफी निराशा जनक रही मीडिया ब्लैक कैप का पहला विकेट जरा सा कोई बात करें सात रनों के योग पर गिर गया मोहम्मद फैसल और जावेद सिद्दीकी की स्विंग होती गेंद के आगे मीडिया ब्लैक कैप के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए मोहम्मद फैसल ने चार ओवर में सिर्फ सात रन देकर एक विकेट चटकाए मीडिया ब्लैक कैप की ओर से नंदलाल ने सर्वाधिक 24 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंडियन क्रिकेट क्लब डालीगंज ने संभल कर खेलना शुरू किया एक ओर से मोहम्मद फैसल ने अपने जा रहा ना अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद में 33 रन बनाएं इस दौरान उन्होंने अपने बेहतरीन ड्राइव के जरिए छह बार अगेन को सीमा रेखा के बाहर भेजो मोहम्मद फैसल ज्ञानेंद्र का शिकार हुए और और इंडियन क्रिकेट क्लब डालीगंज में एक के बाद एक करके पांच विकेट गावकर लक्ष्य को हासिल कर लिया मोहम्मद फैसल के हर पल मौला खेल के बदौलत उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया

# चेहरे पर जमा चर्बी कुछ ही दिनों में हो जाएगी छूमंतर, बस अपनाएं ये आसान टिप्स



चेहरे पर जमा फैट हमारे चेहरे की सुंदरता को खराब कर देता है। खासतौर पर मोटे गाल, डबल चिन और आई बैग्स चेहरे की खूबसूरती को कम कर देते हैं। वैसे तो शरीर के किसी एक हिस्से से चर्बी घटाना कठिन होता है, खासतौर पर चेहरे पर जमा चर्बी। लेकिन आप अपनी लाइफ स्टाइल में कुछ बदलाव करके चेहरे पर जमा जिद्दी फैट को कम कर सकते हैं। कहते हैं कि चेहरा हमारी पहचान होता है। जबकि हम किसी से मिलते हैं तो सबसे पहले उसका चेहरा ही देखते हैं। यही वजह है कि लोग अपने चेहरे की ज्यादा देखभाल करते हैं। लेकिन कई बार चेहरे पर जमा फैट हमारे चेहरे की सुंदरता को खराब कर देता है। खासतौर पर मोटे गाल, डबल चिन और आई बैग्स चेहरे की खूबसूरती को कम कर देते हैं। वैसे तो शरीर के किसी एक हिस्से से चर्बी घटाना कठिन होता है, खासतौर पर चेहरे पर जमा चर्बी। लेकिन आप अपनी लाइफ स्टाइल में कुछ बदलाव करके चेहरे पर जमा जिद्दी फैट को कम कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको फेशियल फैट दूर करने की कुछ आसान टिप्स देने जा रहे हैं। जिस तरह से शरीर से फैट घटाने के लिए एक्सरसाइज होती है वैसे ही चेहरे पर जमा फैट को कम करने के लिए फेशियल एक्सरसाइज होती हैं। फेशियल फैट को कम करने के लिए आप लिप पुलअप, चिन लिफ्ट, फिश लिप, नेक कर्ल अप और एयर ब्लोइंग जैसी फेशियल एक्सरसाइज कर सकती हैं। पानी पीना हमारे शरीर के लिए कितना फायदेमंद है यह तो आप जानते ही होंगे। पानी पीने से शरीर में जमा हानिकारक पदार्थ और अतिरिक्त वसा बाहर निकलते हैं। अगर आप चेहरे पर जमा चर्बी घटाना चाहते हैं तो खूब पानी पिएँ। इससे आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होगा और फैट कम करने में मदद मिलेगी। अगर आप फेशियल फैट को घटाना चाहते हैं तो नमक का सेवन कम करें। दरअसल नमक में मौजूद सोडियम के कारण शरीर में पानी ठहरने लगता है जिसे वॉटर रिटेंशन कहते हैं। इसके कारण शरीर को डिटॉक्स करने में परेशानी होती है और हमारे शरीर में फैट जमा होने लगता है। इसके साथ ही हो सके तो सूप और सलाद में ऊपर से कच्चा नमक डालकर ना खाएं। वैसे तो महिलाएं चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए फेशियल करवाती हैं। लेकिन इससे चेहरे पर जमा चर्बी को दूर करने में भी मदद मिलती है। दरअसल फेशियल के दौरान मसाज से चेहरे में खून का संचार बढ़ता है और फेस पर जमा फैट बर्न होता है। अगर आप सिगरेट और अल्कोहल का सेवन करते हैं तो यह भी आपके फेशियल फैट को बढ़ाने का काम कर सकता





# पीरियड्स पेन में जादुई असर करता है यह आयुर्वेदिक नुस्खा, बनाने के लिए चाहिए बस 2 चीज़ें



कुछ महिलाओं को पीरियड्स के दौरान पेट में बहुत ज़्यादा दर्द होता है। ऐसे में कई महिलाऐं दवाओं और पेन किलर का सहारा लेती हैं लेकिन इनसे शरीर पर सामना करना पड़ता है। दरअसल, पीरियड्स के दौरान महिलाओं की बॉडी में प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजेन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इस वजह से महिलाओं को यह लक्षण डॉक्टर जीतू रामचंद्रन ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। यह नुस्खा बेहद आसान है और इसके लिए आपको सिर्फ 2 चीज़ों की आवश्यकता होगी - गुड़ और जीरा।



साइड इफ़ेक्ट होते हैं। ऐसे में आज हम आयुर्वेद का एक ऐसा चमत्कारी घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं जिससे आपको पीरियड्स पेन से राहत मिलेगी। महिलाओं में पीरियड्स होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को पेट दर्द, पैरों में दर्द, मूड स्विंग्स, ब्रेस?ट में सूजन और दर्द आदि जैसी समस्याओं का महसूस होते हैं। कुछ महिलाओं को पीरियड्स के दौरान पेट में बहुत ज़्यादा दर्द होता है। ऐसे में कई महिलाऐं दवाओं और पेन किलर का सहारा लेती हैं लेकिन इनसे शरीर पर साइड इफ़ेक्ट होते हैं। ऐसे में आज हम आयुर्वेद का एक ऐसा चमत्कारी घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं जिससे आपको पीरियड्स पेन से राहत मिलेगी। यह नुस्खा आयुर्वेदिक दरअसल, गुड़ में भरपूर मात्रा में सोडियम और पोटैशियम होता है जो पीरियड्स पेन में फायदेमंद होता है। यह शरीर में एंडोर्फिन जारी करता है जिससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और ऐंठन से छुटकारा मिलता है। अगर आपको पीरियड्स के दौरान दर्द, ऐंठन या मूड स्विंग्स जैसी समस्याएँ होती हैं तो गुड़ खाएं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।